RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 प्रियंका ने बॉलीवुड पर कसा तंज

वर्ष : 26 | अंक : 306 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं हमारा जुनून भी : पीएम मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता। इसके अलावा उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में एनिमेशन के क्षेत्र भारत के विकास पर भी चर्चा की।

मन की बात के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने हर युग में कुछ चुनौतियों का सामना किया है। आज मन की बात में मैं दो ऐसे महानायकों की चर्चा करूंगा जिनमें साहस और दूरदर्शिता थी। देश ने उनकी 150वीं जयंती मनाने का फैसला किया है। 31 अक्टूबर से सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष की शुरुआत होगी। इसके बाद 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष की शुरुआत होगी। इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता।

उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून बन गया है। बहुत साल नहीं हुए, सिर्फ 10 साल पहले की बात है, तब अगर कोई कहता था कि भारत में कोई जटिल तकनीक विकसित की जा रही है तो कई लोगों को विश्वास नहीं होता था, तो कई उपहास उड़ते थे। लेकिन आज वही लोग, देश की सफलता को देखकर अचंभे में रहते हैं। आत्मनिर्भर हो रहा भारत हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। इसी महीने हमने लद्दाख के हान्ले में एशिया के सबसे बड़े इमेजिंग टेलीस्कोप का उद्घाटन किया। यह 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है... एक ऐसी जगह जहां ठंड -30 डिग्री से भी कम है, जहां ऑक्सीजन तक की कमी है, हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में हम सब आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को और मजबूत करते हैं। हम वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ अपनी खरीदारी करते हैं। यह नया भारत है जहां मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड बन गया है... हमें न सिर्फ भारत को आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि अपने देश को इनोवेशन के ग्लोबल पावरहाउस के रूप में स्थापित करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छोटा भीम की तरह ही हमारी दूसरी एनिमेटेड सीरीज कृष्णा, मोटू-पतलू, बाल हनुमान के भी पूरी दुनिया में प्रशंसक हैं। भारत के एनिमेशन किरदार और फिल्में अपने कंटेंट और क्रिएटिविटी की वजह से पूरी दुनिया में पसंद की जा रही हैं। भारत एनिमेशन के क्षेत्र में दुनिया में क्रांति लाने की राह पर है। भारत का गेमिंग स्पेस भी तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय खेल भी पूरी दुनिया में मशहूर हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल गिरफ्तारी के शिकार लोगों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग शामिल हैं। डर के कारण लोगों ने अपनी मेहनत से कमाए लाखों रुपए गंवा दिए हैं। अगर आपके पास भी कभी ऐसा कोई फोन आए तो आपको डरना नहीं चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह की पूछताछ नहीं करती है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के नहीं अधिकारियों के भरोसे लड़ रही है चुनाव : अखिलेश यादव



**नॉएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी हद तक गिर सकती है अपने लाभ लिए भाजपा किसी भी सीमा तक नीचे जा सकती है। अखिलेश यादव सेक्टर-40 स्थित समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे प्रदीप कपूर के आवास पर उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं के भरोसे नहीं बल्कि पुलिस व प्रशासन की अधिकारियों के भविष्य चुनाव लड़ रही है।

जो पार्टी कार्यकर्ताओं के बजाय अधिकारियों को भरोसे चुनाव लड़े उसे पार्टी की हार निश्चित है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हो रहे 9 सीटों पर उसे को चुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ रही है तथा जीत हासिल करेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता जिला अध्यक्ष सपा के प्रदेश सचिव सुनील चौधरी समेत कई पदाधिकारी हुआ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 8 लाख रुपये

**नोएडा।** नोएडा में एक व्यक्ति को करीब 3 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा गया। इस दौरान पीड़ित के अकाउंट से अपने बैंक खाते में 8 लाख रुपए शातिर साइबर अपराधियों ने ट्रांसफर करवा लिए थे। पीड़ित को आरोपियों ने बताया कि वह मानव तस्करी के केस में फंसा है। जेल भेजने की धमकी देकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। अब नोएडा साइबर सेल पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-46 में सुरेंद्र पाल वशिष्ठ अपने परिवार के साथ रहते हैं। सुरेंद्र पाल ने बताया कि बीते 19 अक्टूबर को उनके पास एक कॉल आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टमर अधिकारी बताया था। व्यक्ति ने अपना नाम मोहिंदर बताया था। व्यक्ति ने बताया कि तुम्हारी आईडी का इस्तेमाल करके एक पार्सल मलेशिया भेजा जा रहा था, जिसको मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया है। इस पार्सल में ड्रग्स है। इस पर सुरेंद्र पाल ने इनकार कर दिया, लेकिन अधिकारियों ने उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। उसके बाद एक फर्जी सीबीआई अफसर को कॉल ट्रांसफर की गई। फर्जी सीबीआई अधिकारी ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से पीड़ित से बातचीत की और उसको धमकाया। करीब 3 दिन तक सुरेंद्र पाल को डिजिटल अरेस्टिंग में रखा गया। इस दौरान आरोपी के अकाउंट से अपने बैंक खाते में 8 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे।

# सीएम योगी ने संस्कृत के छात्रों को दिया तोहफा



**वाराणसी (एजेंसी)।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी के बटन दबाते ही प्रदेश के 69,512 विद्यार्थियों के खाते में रकम पहुंच गई। यह पहला मौका है जब प्रथमा से लेकर आचार्य तक के विद्यार्थियों को एक साथ छात्रवृत्ति दी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सुबह 11 बजे संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत मंडप समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। उन्होंने प्रदेश के संस्कृत के विद्यार्थियों को पहली बार एक साथ मिलने वाली छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। बता दें कि प्रदेश सरकार ने 23 साल के बाद संस्कृत छात्रवृत्ति योजना में संशोधन किया है। दरों में बढ़ोतरी करते हुए पात्रता की शर्तों को भी शिथिल किया गया है।

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय सहित संबद्ध महाविद्यालय व संस्कृत विद्यालय के छात्रों को एक साथ छात्रवृत्ति दी गई तो सभी के चेहरे खिल उठे। अभी तक छात्रवृत्ति के लिए एक लाख 21 हजार 977 छात्र पंजीकृत हुए हैं और 69,512 ने आवेदन किया है। पहली बार प्रथमा स्तर (कक्षा-6 से 8 तक) से छात्रवृत्ति का प्रावधान किया गया है। छात्रों के अभिभावकों की आय सीमा के प्रतिबंध को हटा दिया गया है।

प्रथमा से आचार्य तक अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को संशोधित छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना को पूर्व की भांति ऑफलाइन संचालित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 से ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जाएगी। भुगतान वर्ष में दो बार किया जाएगा। प्रथम किस्त का भुगतान दशहरा के पूर्व और द्वितीय किस्त होली के पहले मिलेगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में छात्रवृत्ति के लिए 10 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई। प्रथम किस्त की धनराशि 5.86 करोड़ जिलों को भेज दी गई है।

## मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ नौ लोग घायल, कई की हालत गंभीर

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर टर्मिनस नौ के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर भारी भीड़ की वजह से भगदड़ हुई। इस भगदड़ में कई लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। त्योहारों पर घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ थी। जैसे ही बांद्रा रेलवे स्टेशन पर बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आई तो उसमें चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इससे भगदड़ मची।

दिवाली और छठ के त्योहारों के मद्देनजर अपने पैतृक स्थानों पर जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस पहुंचे थे, जहां अनारक्षित ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लाए जाने के दौरान कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह 5.56 बजे की है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ट्रेन 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए एकत्र हुए थे। दिवाली और छठ के त्योहारों के कारण मुंबई से उत्तर की ओर जाने वाली ट्रेनें खचाखच भरी चल रही हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में कुछ लोग दो कोचों के बीच में आ गए और प्लेटफॉर्म पर गिर गए। रिपोर्ट्स ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि लोग कोचों से टकराने या दो कोचों के बीच की जगह में गिरने से घायल हुए हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मियों और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत भाभा अस्पताल पहुंचाया। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान शब्बीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदार गुप्ता (28), रवींद्र हरिहर चुमा (30), रामसेवक रवींद्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगय (27), दिव्यांशु योगेंद्र यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत साहनी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि साहनी और नूर मोहम्मद शेख की हालत गंभीर है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद अंत्योदय एक्सप्रेस बांद्रा टर्मिनस से लगभग निर्धारित समय पर ही रवाना हुई।

### रेल मंत्री पर उठाए सवाल

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ और उसमें लोगों के घायल होने पर केंद्र सरकार और रेल मंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हुआ है और फिर से रेल मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है, इस देश में 25 से ज्यादा बड़े रेल हादसे हो चुके हैं। जिनमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और घायल हुए हैं। राउत ने कहा कि आप बुलेट ट्रेन, मेट्रो और हाई स्पीड ट्रेनें चलाने की बात करते हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हवा में बसें चलाने की बात करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत क्या है? जिस तरह से बांद्रा रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में लोग घायल हुए हैं, उसके लिए रेल मंत्री जिम्मेदार हैं।

## कानपुर से गायब हुई महिला, 4 महीने तक ढूंढ़ती रही पुलिस, फिर डीएम आवास के पास मिला शव



**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर में चार महीने पहले लापता हुई कारोबारी की पत्नी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ। महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी जिम ट्रेनर को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की गई, जिसमें उसने चौंकाने वाली बात बतायी। उसने पुलिस को बताया कि महिला का शव कलेक्टर आवास के पास दफन कर दिया था। अब पुलिस ने उस जगह की खुदाई कर शव बरामद किया।

मामला कानपुर के कोतवाली थाना इलाके का है। चार महीने पहले जून में कारोबारी की पत्नी को जिम ट्रेनर बहला फुसला कर साथ ले गया था। महिला की हत्या के बाद शव गड्ढे में दफना दिया, लाखों के जेवरात और नगदी लेकर जिम ट्रेनर फरार हो गया था। मामले की तहकीकात में थानेदार से लेकर एडिशनल सीपी तक जुटे थे। कारोबारी का आरोप था कि ग्रीन पार्क स्टेडियम के जिम ट्रेनर ने उसकी पत्नी के प्रोटीन शेक में नशीला पदार्थ मिलाया था। इसके बाद उसे किडनैप कर ले गया।

कारोबारी ने पुलिस को बताया था कि उसके 10 और 12 साल के दो बच्चे हैं। कोतवाली थाने में जिम ट्रेनर विमल सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद से पुलिस हाथ अब तक खाली थे। चार माह बीत जाने के बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी थी। जिम ट्रेनर के पास शोएब नाम के युवक की कार थी। पुलिस ने उसे जिम ट्रेनर और महिला के लापता होने के बाद 25 जून को बरामद कर लिया था।

## अजनारा होम्स सोसाइटी में बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

**ग्रेटर नोएडा।** अजनारा होम्स सोसाइटी में बिजली कटौती को लेकर निवासियों और मेंटेनेंस प्रबंधन के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया। बिजली कटौती से नाराज निवासी मेंटेनेंस कार्यालय पहुंचे और विरोध जताया। जिसके बाद स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि मामला पुलिस तक जा पहुंची।

सोसाइटी के एक निवासी की बिजली अचानक काट दी गई। जिसके चलते निवासी मेंटेनेंस कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे। बताया गया कि प्रबंधन ने हाल ही में निवासियों के लिए एक नया ऐप पेश किया था। जिसके माध्यम से बिजली मीटर रिचार्ज और मेंटेनेंस शुल्क जमा किया जा सकता है, लेकिन निवासियों के अनुसार यह ऐप तकनीकी खामियों के चलते ठीक से कार्य नहीं कर रहा। जिससे बिजली रिचार्ज में परेशानी आ रही है।

मेंटेनेंस प्रबंधन ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की। जिसके बाद पुलिसकर्मी रात को मौके पर पहुंचे और संबंधित निवासी को पूछताछ के लिए थाने ले गए। शनिवार सुबह पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया, लेकिन इस घटना ने सोसाइटी के अन्य निवासियों में आक्रोश भर दिया और कई निवासी थाने पर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराने लगे।


निवासियों का कहना है कि ऐप की तकनीकी समस्याओं को हल किए बिना बिजली कटौती से उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उनका यह भी आरोप है कि बिना सूचना के बिजली काटने और पुलिस की इस हस्तक्षेप से प्रबंधन के प्रति उनका विश्वास कमजोर हुआ है। फिलहाल, सोसाइटी के निवासियों ने इस मुद्दे पर शांतिपूर्ण समाधान और ऐप में सुधार की मांग की है।

# गाजियाबाद में पटाखों पर प्रतिबंध ऑनलाइन ऑर्डर पर खुब हो रही होम डिलीवरी

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** पटाखों की बिक्री पर पाबंदी के लिए भले ही पुलिस ने बीते कुछ दिनों में कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की आतिशबाजी बरामद की है, लेकिन बिक्री बंद नहीं हुई है। पटाखों की अब ऑनलाइन बिक्री शुरू हो गई है। ऑनलाइन ऑर्डर बुक कर फ्री होम डिलीवरी भी की जा रही है। सोशल मीडिया पर वाट्सएप नंबर वायरल कर जानकारी दी जा रही है।

एप के जरिए ऑर्डर बुक कर गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में आपर्ति का दावा किया जा रहा है। कुछ दिनों से वाट्सएप पर पटाखों की बिक्री से जुड़ा एक नंबर वायरल हो रहा है। यह नंबर ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए वायरल किया गया है। पटाखे ही पटाखे के नाम से बनाए गए मैसेज में लोगों को वाट्सएप पर संपर्क करने के लिए एक मोबाइल नंबर दिया जा रहा है।

जिस तरह पटाखों का ऑर्डर बुक कर डिलीवरी की जा रही है उससे साफ है कि पुलिस आतिशबाजी की बिक्री पर रोक नहीं लगा पा रही है। अभी वर्तमान में ही हवा की गुणवत्ता बिगड़ चुकी है। यही हाल रहा तो दीवाली पर पटाखों पर पाबंदी हवा हो जाएगी। प्रदूषण की रोकथाम के लिए बीते कुछ वर्षों से पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगी हुई है। इसके बाद भी बाजार में पटाखों की बिक्री होती है। इस बार ऑनलाइन भी शुरू हो गई है।



### वाटसएप पर लिंक भेजकर ली जा रही बुकिंग

इसी बीच वाटसएप पर ही एक लिंक भी भेजा गया। लिंक खोलने पर एक एप खुला जिसमें अग्रवाल फायर वर्क्स के नाम से बने पेज पर ऑर्डर लिए जा रहे हैं। पेज पर 40 रुपये से लेकर 7880 रुपये के पटाखे बिक्री के लिए बुक किए जा रहे हैं।

### बिना डिलीवरी चार्ज के बिक रहे पटाखे

मोबाइल नंबर पर मैसेज करने पर बातचीत शुरू होती है। दैनिक जागरण ने शुक्रवार को दिए गए मोबाइल नंबर पर वाट्सएप मैसेज के जरिए आपूर्तिकर्ता से बातचीत की। आपूर्तिकर्ता ने पटाखों की बिक्री करने की हामी भरने के बाद पूछा कि माल कहां मंगाना है। जब उन्हें क्षेत्र बताया गया तब जवाब आया कि माल पहुंच जाएगा। डिलीवरी चार्ज भी नहीं लिया जाएगा।

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा



फ़ोन .08750611103

## ब्रिक्स की ताकत

ब्रिक्स का 16वां शिखर सम्मेलन कई मायनों में सफल रहा। समूह के नेतृत्व और उनके मकसद भी सार्थक रहे। अब ब्रिक्स 10 सदस्य देशों का समूह हो गया है, क्योंकि ईरान, मिस्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब को नई सदस्यता दी गई है। करीब 30-35 अन्य देश भी ब्रिक्स से जुडऩा चाहते हैं, जिनमें पाकिस्तान भी उतावला है, लेकिन भारत ने उसकी संभावनाओं को खारिज करवा दिया है। यदि जी-7 पश्चिमी देशों का समूह है, तो ब्रिक्स 'ग्लोबल साउथ' का प्रतिनिधित्व करता है। पश्चिम और यूरोप की वर्चस्ववादी सत्ता के समानांतर अब ब्रिक्स की ताकतवर उपस्थिति भी है, लेकिन वह 'पश्चिम-विरोधी' नहीं है। ब्रिक्स नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि ब्रिक्स 'गैर-पश्चिम' समूह है, जिसमें करीब 450 अरब डॉलर की कुल अर्थव्यवस्था वाले देश हैं। दुनिया की करीब 45 फीसदी आबादी ब्रिक्स के दायरे में है, लिहाजा अब इसकी सामूहिक ताकत को समझा जा सकता है। जी-7 और ब्रिक्स के कुछ सदस्य जी-20 में भी शामिल हैं, लिहाजा ये समूह परस्पर सहयोगी हो सकते हैं, दुश्मन नहीं हो सकते। रूस में सम्पन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का बुनियादी थीम था-वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए 'बहुपक्षीयवाद' को मजबूत करना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह मुद्दा बार-बार उठाया और ब्रिक्स के विस्तार का भी आग्रह किया। रूस के ही एक गणराज्य की राजधानी कजान में ब्रिक्स का सम्मेलन कामयाब रहा, यह अपने आप में महत्वपूर्ण निष्कर्ष है। रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में संलिप्त है, फिर भी वहां कोई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करना वाकई आश्चर्यजनक है। बहरहाल कजान सम्मेलन के बाद जो साझा घोषणापत्र जारी किया गया, उसमें कुछ मुद्दे पश्चिमी देशों की 'दादागीरी' के खिलाफ हैं और उनके चरित्र को भी चुनौती देते हैं। मसलन, अमरीका ने अकेले रूस पर करीब 20,000 प्रतिबंध थोप रखे हैं। ईरान पर भी पाबंदियां हैं। ब्रिक्स ने ऐसी आर्थिक, व्यापारिक और जबरन पाबंदियों को नकारा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद पर, कुछ बड़े देशों के, दोहरे रवैये की भर्त्सना की है। उन्होंने किसी का भी नाम नहीं लिया, लेकिन दुनिया उन्हें जानती है। ब्रिक्स घोषणापत्र में आतंकवाद को भी शामिल किया गया है और साझी लड़ाई का आह्वान भी किया गया है, लेकिन आतंकवाद पर ही ब्रिक्स के कुछ देशों में, द्विपक्षीय स्तर पर, विरोधाभास भी हैं। सामूहिक स्तर पर उन्हें बेमानी माना गया है। संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार को भी मुख्य मुद्दा मान कर कजान घोषणापत्र में उल्लेख किया गया है। ब्रिक्स शुरुआत में आर्थिक और कारोबारी समन्वय के मुद्दों तक ही विमर्श करता था, लेकिन कजान सम्मेलन के दौरान इजरायल के हमलावर व्यवहार की निंदा और गाजा-पट्टी में उसके किए गए हमलों की भर्त्सना की गई है। इजरायल से तत्काल और स्थायी संघर्ष-विराम करने की मांग भी की गई है, लेकिन अक्तूबर, 2023 में हमास ने इजरायल पर जिस तरह का कातिलाना हमला किया था, घोषणापत्र में उसका कोई उल्लेख नहीं है। माना जाता है कि भारत ने जून, 2024 में विदेश मंत्रियों की बैठक में इस मुद्दे को रखा था, लेकिन ब्रिक्स देशों के मंत्रियों में सहमति नहीं बन पाई, लिहाजा हमास का हमला घोषणापत्र से बाहर ही रहा। हम हमास के उस हमले को 'बड़ा आतंकवाद' मानते हैं। उसी के कारण आज भी गाजा और लेबनान में युद्ध के हालात बने हैं। तबाहियां और बर्बादियां हो रही हैं, लेकिन विश्व का कोई भी संगठन और समूह युद्ध-विराम कराने में अभी तक सफल नहीं हुआ है। बहरहाल जो ब्रिक्स आर्थिक विषयों तक सीमित रहता था, वह अब भू-राजनीति, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, विज्ञान-प्रौद्योगिकी सरीखे विषयों पर भी विमर्श करता है और अपने सरोकार व्यक्त करता है। पश्चिम का मानना है कि जलवायु परिवर्तन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विषय होना चाहिए, क्योंकि इससे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और शांति पर असर पड़ सकता है, लेकिन भारत समेत अन्य विकासशील देशों का यह मानना है कि सुरक्षा परिषद की इसमें कोई भूमिका ही नहीं होनी चाहिए। ब्रिक्स की जो शुरुआती नीतियां थीं, आज तक उनमें कई बदलाव आ गए हैं। भारत अपने कारोबार, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक विस्तार के लिए पश्चिमी देशों से भी जुड़ा है। पश्चिमी देश भारत में व्यापक निवेश कर रहे हैं, लेकिन भारत ब्रिक्स की 'ग्लोबल साउथ' वाली नीतियों का रचनाकार भी है। बहरहाल ब्रिक्स ने उस दुनिया के देशों को मंच दिया है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपेक्षित रहे हैं। अब उस दुनिया का भी विकास संभव होगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि देवर्षि की वाणी झूठी न होगी, यह विचार कर हिमवान, मैना और सारी चतुर सखियाँ चिन्ता करने लगीं। फिर हृदय में धीरज धरकर पर्वतराज ने कहा- हे नाथ! कहिए, अब क्या उपाय किया जाए?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-कह मुनीस हिमवंत सुनु जो बिधि लिखा लिलार।**
**देव दनुज नर नाग मुनि कोउ न मेटनिहार॥**

मुनीश्वर ने कहा- हे हिमवान! सुनो, विधाता ने ललाट पर जो कुछ लिख दिया है, उसको देवता, दानव, मनुष्य, नाग और मुनि कोई भी नहीं मिटा सकते॥

**तदपि एक मैं कहउँ उपाई। होइ करै जौं दैउ सहाई॥**
**जस बरु मैं बरनेउँ तुम्ह पाहीं। मिलिहि उमहि तस संसय नाहीं॥**

तो भी एक उपाय मैं बताता हूँ। यदि दैव सहायता करें तो वह सिद्ध हो सकता है। उमा को वर तो नि:संदेह वैसा ही मिलेगा, जैसा मैंने तुम्हारे सामने वर्णन किया है॥

**जे जे बर के दोष बखाने। ते सब सिव पहिं मैं अनुमाने॥**
**जौं बिबाहु संकर सन होई। दोषउ गुन सम कह सबु कोई॥**

परन्तु मैंने वर के जो-जो दोष बतलाए हैं, मेरे अनुमान से वे सभी शिवजी में हैं। यदि शिवजी के साथ विवाह हो जाए तो दोषों को भी सब लोग गुणों के समान ही कहेंगे॥

(क्रमश:..)


# भारत-जर्मनी के निरंतर प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों का महत्व

भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगा? रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है।

हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। चूंकि जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है। क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है।

पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है, जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा। क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है।

वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को



**भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है।**

द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है।

एक बात और, समसामयिक दुनिया जिस तरह से तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, उसके दृष्टिगत भी हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गम्भीर चिंताएं हैं। ऐसे समय मे भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत सहारे के रूप में उभरी है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी से घोषित 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति का स्वागत करते हुए कहा है कि मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, स्किल डिवेलपमेंट और इनोवेशन पर सरकार की अप्रोच को लेकर सहमति बनी है। इससे एआई (AI) सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बल मिलेगा। वहीं, रक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है।

वहीं, पीएम ने गोपनीय सूचनाओं (क्लासिफाइड इन्फर्मेशन) पर सामने आए समझौतों को बेहद अहम बताया। जबकि साझा लीगल असिस्टेंट ट्रीटी को आतंकवादी और अलगाववादी तत्वों से निपटने की दिशा में अहम कदम करार दिया। साथ ही कहा कि ग्रीन और सस्टेनेबल ग्रोथ के साझा कमिटमेट पर दोनों देश लगातार काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप के दूसरे दौर पर सहमति बनाई है। दोनों देशों ने ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप भी लॉन्च किया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में आमंत्रित करते हुए ठीक ही कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है। उन्होंने 'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के 18वें सम्मेलन में कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह 'सही' समय है। जर्मनी ने भारत के कुशल वर्क फोर्स में जो विश्वास जताया है, वह अद्भुत है। इस यूरोपीय देश ने कुशल भारतीय वर्क फोर्स के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है।

मोदी ने आगे यह भी कहा कि, भारत वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बन रहा है। यह आज डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और 'डेटा' के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रेकॉर्ड निवेश कर रहा है। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र और दुनिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि जर्मन प्रतिनिधिमंडल को भारत की संस्कृति, भोजन और खरीदारी का भी आनंद लेना चाहिए। ताकि दोनों देश और उसके लोग एक दूसरे से भावनात्मक रूप से जुड़ सकें।

बकौल मोदी, भारत और जर्मनी के बीच वर्तमान में द्विपक्षीय व्यापार 30 अरब डॉलर से अधिक है। जर्मनी की कई कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, जबकि भारतीय कंपनियां भी जर्मनी में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। वहीं, चांसलर शोल्ज ने प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में कहा कि हमारी सरकार भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) की बातचीत में तेजी लाने की कोशिश कर रही है। अगर मिलकर काम करें तो यह काम महीनों में पूरा हो सकता है। हमारी सरकार ने हाल में कुशल भारतीय कर्मचारियों को जर्मनी बुलाने की रणनीति पर सहमति जताई है। इससे स्पष्ट है कि कारोबारी समझौते पर तेजी लाने की कोशिश में जर्मनी है, जो सराहनीय कहा जा सकता है। यह भारत के दूरगामी हित में है। यदि जर्मनी से हमारे सम्बन्ध फ्रांस की भांति प्रगाढ़ होते हैं तो इससे यूरोपीय संघ के साथ भारत के रिश्ते को जीवंतता मिलेगी और चीन व अरब देशों पर मनोवैज्ञानिक दबाव भी पड़ेगा।

**- कमलेश पांडेय**
वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक

## भ्रष्ट नेता पुष्ट वर्धक च्यवनप्राश (व्यंग्य)

आइए, आज मैं आपको एक ऐसी रेसिपी बताने जा रहा हूँ, जो एक सीक्रेट फॉर्मूला है, बिल्कुल कोला कंपनी के सीक्रेट फॉर्मूला की तरह। मजाल है कि पेपर लीक की तरह यह लीक हो जाए। इसका नाम है 'भ्रष्ट नेता पुष्ट वर्धक च्यवनप्राश'। यह एक ऐसा च्यवनप्राश है जिसे आप किसी भी उम्र के पड़ाव में इस्तेमाल कर सकते हैं, जब आपको नेता बनने का कीड़ा कुलबुलाने लगे। लेकिन अगर आप देखते हैं कि आपके पूत के पांव पालने में ही नेताओं की दुम की तरह हिलते हैं, बच्चे के चेहरे पर भ्रष्ट नेता की तरह कुटिल मुस्कान है, और बच्चा हर सेकंड में मगरमच्छी आँसू बहाता है, तो समझ जाइए कि यह बच्चा आपके सात पीढ़ियों का नाम डुबोने के लिए भ्रष्ट नेता बनने के लिए अवतरित हुआ है। यदि आप बचपन से ही ऐसे बच्चे को यह च्यवनप्राश चटाएंगे, तो निश्चित ही वह बड़ा होकर महा भ्रष्टाचारी नेता बनेगा!



नेतागिरी के पायदान पर आगे बढ़ने के लिए एक आम नेता तो हर कोई बन सकता है, लेकिन अगर आपको शिखर तक पहुँचना है, तो भ्रष्ट नेता बनना पड़ेगा। यह एक अग्नि परीक्षा है, जिसे हर कोई पार नहीं कर सकता। 99 प्रतिशत नेता तो चुनावी कार्यक्रमों में दरी बिछाने और रैलियों में नारे लगाने तक ही सीमित रह गए, क्योंकि उन्होंने भ्रष्ट नेता बनने के गुणों को संपूर्णता में नहीं सीखा। बस कुछ गुण ग्रहण कर, अपने अधकचरे ज्ञान को पेलने में लगे रहे।

इस गुप्त नुस्खे की हर उस नेता को जरूरत है, जो अखबारों और झङ्क न्यूज़ में अपने आकाओं के हवाले, घोटालों, कांडों के अखंड गुणगान से अपने आपको तुच्छ और अदना सा प्राणी समझने लगा है। अभी तक जिसका उपयोग उसके आकाओं ने झूठी गवाही देने, आका के काले धन को अपने घर के अंदर सुरक्षित रखने का ही किया है, कभी खुद अपने बलबूते पर कोई बड़ा कांड नहीं किया है। अखबार में अपना नाम अंतिम पंक्ति में ही कभी-कभार देखा है, रैलियों में खुद को पार्टी के कार्यकर्ताओं की भीड़ में ही देखा है!

इस रेसिपी को बनाने का तरीका बहुत ही सरल है। अगर खाने वाला और बनाने वाला निर्लज्ज, बेईमान और ढीठ जैसे प्रारंभिक गुणों से लबरेज हो, तो रेसिपी जल्दी असर दिखाना शुरू करेगी! रेसिपी को बनाने के लिए पहले आपको कुछ सामग्री एकत्रित करनी होगी। आपको चाहिए-

1. एक फर्जी बीपीएल कार्ड से उठाया हुआ केरोसिन का कनस्तर या गैस सिलेंडर।

**नेतागिरी के पायदान पर आगे बढ़ने के लिए एक आम नेता तो हर कोई बन सकता है, लेकिन अगर आपको शिखर तक पहुँचना है, तो भ्रष्ट नेता बनना पड़ेगा। यह एक अग्नि परीक्षा है, जिसे हर कोई पार नहीं कर सकता।**

2. इसे चूल्हे में पकाने के लिए उन कंडों का इस्तेमाल करें, जो उस अवशिष्ट से बने हैं, जो पहले नेताओं ने चारा घोटाले में पशुओं का चारा खाकर स्वच्छता अभियान को धता बताते हुए खुले में छोड़ दिए थे।

इस रेसिपी की फाउंडेशन जितनी मजबूत होगी, रेसिपी उतनी ही असरदार होगी। थोड़ी सी चापलूसी से आप इसे पा सकते हैं। चूल्हे में कंडों को जलाने के लिए खाली पीली फेंकने वाले फूंकनी से फूंक मारें। अफवाहों की गर्म हवा मारेंगे, तो कंडे जल्दी प्रज्वलित हो जाएंगे।

आग लगाने के बाद, सबसे पहले अपने हाथ सेंकें, क्योंकि एक अच्छे भ्रष्टाचारी होने के नाते आपको यह आदत डालनी ही होगी। इस प्रकार से आप कहीं भी आग लगी हो, स्वप्रेरणा से वहां हाथ सेंकने पहुँच जाएंगे, चाहे किसी गरीब के मकान में आग लगी हो या किसी की चिता की। आपको हर जगह समान भाव और स्वार्थभाव से अपनी रोटी सेंकने का हुनर आ जाएगा!

जब हाथ गर्म हो जाएं, तो हाथ में खुजली शुरू हो जाएगी, जो आपको आगे बड़े-बड़े स्वांग और प्रकांड कांड करने के लिए उत्प्रेरित करेगी। अब मिश्रण तैयार करना है। सबसे पहले किसी कुख्यात भ्रष्ट नेता के भाषण या रैली के दौरान फेंके गए टमाटर-अंडे एकत्रित करके उसमें डालें। इस मिश्रण में थोड़ी सी दूसरों की छाती पर दली हुई मूँग डालें और नेताजी के वो आलू, जिनसे सोना बनेगा, भी डालें।

अब इस मिश्रण में चुल्लू भर पानी डालें। यह चुल्लू भर पानी आपके पास हमेशा रहना चाहिए। यह आपको समय-समय पर जनता से मिलता रहेगा।

अंत में, इसमें कुछ मगरमच्छ के आँसू डालिए, जो नेता लोग चुनावी रैली में बहाते रहते हैं। ये सारी सामग्री एक गहरी और चिकनी हांडी में मिलानी होगी, जिस पर निंदा, आरोप-प्रत्यारोप के बौछारों का कोई असर न हो।

जब यह मिश्रण पकने लगे, तो उसे उस चमचे से हिलाएं, जो चमचागिरी में इस्तेमाल होता है। धीरे-धीरे इसे हिलाते रहिए। जब मिश्रण पूरी तरह पक जाए, तो इसे सूंघते रहिए। इससे आपकी नाक स्टील जैसी मजबूत हो जाएगी, जो किसी भी कटाक्ष या आलोचना से प्रभावित नहीं होगी।

अब जब मिश्रण तैयार हो गया है, तो देर किस बात की? इसे धीरे-धीरे चाटिए और भ्रष्ट नेता का रक्षा कवच - चाटन संस्कार - अपनाइए। आपकी जीभ इतनी लंबी और निर्लज्ज हो जाएगी कि आप किसी से भी काम निकलवाने के लिए उसके जूते चाट सकेंगे।

इस मिश्रण को अगर गैंडे जैसी खाल वाले कपड़े से ढककर रखेंगे, तो एक और गुण में वृद्धि होगी। आप किसी भी स्थिति में अपने भ्रष्ट कामों से विचलित नहीं होंगे।

तो देर किस बात की? आज ही इस रेसिपी को आजमाएं और देखिए, कैसे आप हृष्ट-पुष्ट भ्रष्ट शिरोमणि नेता बन जाएंगे!

**- डॉ. मुकेश असीमित**

## राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन परेशान रहेगा। बच्चों के सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू-तू,मैं-मैं का संकेत है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
घरेलू सुख बाधित होगा। गृह-कला के संकेत हैं। मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वंय के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक ऊर्जा थोड़ी मध्यम रहेगी। अपनों के स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। नाक,कान और गला की परेशानी हो सकती है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आर्थिक हानि के संकेत हैं। निवेश करने से बचें। अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
ऊर्जा का स्तर घटा रहेगा। बुझे-बुझे से रहेंगे। प्रेम-संतान और व्यापार अच्छा रहेगा। शिवजी को जल देते रहें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
अनाब-सनाब खर्चे होंगे। सिर दर्द और नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार मध्यम है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आर्थिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा बहुत खुशनुमा नहीं रहेगा। प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। स्वास्थ्य मध्यम, सीने में विकार संभव है। राजनीतिक गलियारों में बहुत अच्छा स्थिति नहीं दिख रहा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
मान-हानि के संकेत हैं। प्रतिष्ठा पर आंच न आने दें। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वंय के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी हो गई है। व्यापार भी ठीक है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य मध्यम है। शुभ समाचार मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। प्रेम-संतान मध्यम रहेगा।

# सेक्टर-11 में श्री मद भागवत कथा का हुआ समापन





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-11 में श्री गुरु दत्त एवं शशि गुप्ता द्वारा आयोजित भागवत कथा जो कि 21 अक्टूबर से एच ब्लॉक पार्क में रखी गई थी आज 27 अक्टूबर को समापन किया गया। ऋषभ, ऋषि, पियूष के नेतृत्व में आज विशाल भंडारे का आयोजन था जिसमें समस्त सेक्टरवासी तथा श्रद्धालु आमंत्रित थे। श्री लाल जी महाराज व्यास गद्दी पर थे जिन्होंने समाज को जोड़ने के लिए कथा में सामाजिक कुरीतियों से कैसे बचा जाए तथा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का बहुत रोचक वर्णन किया गौरव शर्मा के अनुसार भोजन प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## तमंचे के बल पर चेन लूटने वाले महिला सहित चार गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस एवं सर्विलेंस नोएडा की टीम ने राह चलते लोगों से हथियारों के बल पर सोने की चेन आदि सामान लूटने वाले दो लुटेरे एवं चोरी के आभूषण खरीदने वाले सुनार सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूट की घटनाओं में प्रयोग की जा रही बाइक, दो तमंचे ,कारतूस तथा लूटी हुई आधा दर्जन चैन, चार टुकड़े लुटे हुए चैन के, एक जोड़ी कुंडल आदि बरामद किए हैं।



डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस एवं सर्विलांस टीम नोएडा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो चेन लुटेरे बदमाशों को गिरफ्तार किया, साथ ही चोरी के आभूषण खरीदने वाले ज्वेलर्स एवं उसे सोने के आभूषण बेचने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम सनी पुत्र सूरज मूल निवासी ग्राम बली, जनपद बागपत हाल पता रेल विहार गाजियाबाद, जिस पर 35 मुकदमे पूर्व में दर्ज है, तथा उसके साथी आदित्य पुत्र प्रमोद निवासी वृंदावन गार्डन गाजियाबाद बताए हैं। पकड़े गए अभियुक्त बाइक पर सवार होकर हथियारों के बल पर चैन लूटने का गोरख धंधा कर रहे थे।

लुटे हुए आभूषणों को सनी की मां ममता पत्नी सूरज निवासी गांव बली अपने परिचित सुनार जुहेब पुत्र जाहिर को बेचती थी। पुलिस ने महिला और ज्वेलर्स को भी गिरफ्तार किया है, इनके पास से आधा दर्जन लूट की चेन, एक जोड़ी कुंडल, चार टूटी हुई चैन, दो तमंचे कारतूस एवं घटनाओं में प्रयोग की जा रही बाइक बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्तों ने सैकड़ो लूट की घटनाएं करना स्वीकार किया है।

## पुलिस ने त्योहार के मद्देनजर ज्वेलर्स से की वार्ता

### सीसीटीवी कैमरों व अलार्म सिस्टम पर रहा जोर



**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया व एसीपी प्रथम सेंट्रल नोएडा राजीव कुमार गुप्ता के साथ आगामी त्योहारो के दृष्टिगत थाना फेस-2 पर ज्वेलर्स के साथ मीटिंग आयोजित की गयी।

पुलिस द्वारा सभी को बताया गया कि आगामी त्योहारों में लोगों द्वारा आभूषण की खरीदारी की जाती है। इसको लेकर सभी ज्वेलर्स अपनी-अपनी दुकान पर सीसीटीवी कैमरों की उचित व्यवस्था रखे, खराब कैमरो को तुरंत ठीक करा ले तथा दुकान पर अलार्म सिस्टम जरूर लगा हो। भीड़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाये तथा कोई भी व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाये। उनके द्वारा सभी ज्वेलर्स की समस्याओं को भी सुना गया एवं संबंधित को तुरंत निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### दीपावली मनाएं लेकिन सुरक्षा का रखें ध्यान

## फायरकर्मियों ने लोगों को अग्नि सुरक्षा के सम्बन्ध में किया जागरूक

**नोएडा।** पुलिस कमिश्ननर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में सीएफओ गौतमबुद्धनगर के नेतृत्व में दीपावली के त्यौहार को सुरक्षित व हानि रहित बनाने के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर फायरकर्मियों द्वारा आमजन को अग्नि सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। उनके द्वारा आमजन को अग्नि सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए सुरक्षा हेतु आवश्यक सुझाव दिये जा रहे है। जिससे सभी लोगों द्वारा दीपावली के पर्व को सुरक्षित तरीके से मनाया जा सके।

बताया गया कि दीपक में उतना ही घी/तेल भरें जो आपके रहते हुए पूर्ण रूप से जल जाये। त्यौहार के अवसर पर बच्चों को घर के बाहर या सुरक्षित स्थान पर ही ग्रीन पटाखों को सावधानी पूर्वक छुड़ायें। दुकान/कार्यालय अथवा कारखानों को बन्द करते समय विद्युत मैन स्विच को अवश्य बन्द कर दें। रात्रि में सोने से पहले गैस/पीएनजी का वाल्ब बन्द कर दें। आग लगने की सूचना अपनी सोसायटी/कार्यालय के सिक्यूरिटी रूम/गार्ड को भी अवश्य दें। सभी हाईराइज भवन/कार्यालय/कारखाना संचालक अपने भवन में लगे फायर सिस्टम को सदैव ऑटो मोड में रखें।

दीया/मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर ही जलायें व लगायें। वहीं बाया कि अवैध आतिशबाजी की बिक्री न करें। दुकान में हैलोजन लाइट का प्रयोग न करें। लक्ष्मी पूजन के स्थान के निकट ज्वलनशील पदार्थ जैसे परदा बिस्तर कपड़े आदि न रखें। बिजली झालर आदि बिजली के बोर्ड पर अत्यधिक भार न दें। दीपावली के अवसर पर बालकनी में कपड़े इत्यादि ज्वलनशील पदार्थ न रखें। नकली व अवैध पटाखा न चलायें, यह आपके लिए घातक हो सकता है। बच्चों को अकेला पटाखा इत्यादि न चलाने दें। दीया मोमबत्ती असुरक्षित स्थान पर न जलायें व लगायें।

## सफाई कर्मियों के धरने को सपा ने दिया समर्थन

**ग्रेटर नोएडा ।** नगर पालिका दादरी में तैनात सफाई कर्मियों का धरना जारी है। शनिवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में धरना स्थल पर पहुंचा और समर्थन दिया। इससे सफाई कर्मियों को ताकत मिल गई है। सुधीर भाटी ने कहा कि दादरी नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण सफाई कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से करीबियों को सफाई करने के ठेके दिए जाते हैं, जो इस बात का लाभ उठाकर सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं और दादरी में सफाई के लिए आने वाली आवश्यक सामग्री को हड़प लेते हैं। सपा की मांग है कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जाए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष फकीरचंद नागर, महासचिव सुधीर तोमर, सुरेंद्र नागर, सुमित भारती, प्रमोद, अनिल नागर, गजेंद्र यादव, इस्लामुद्दीन, करतार चौहान, हुकम सिंह भारती, देवेंद्र भाटी, राहुल आर्यन आदि मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे** — नीलामी सूचना सं.-11/2024-25

**माह नवम्बर-2024 का ई-नीलामी कार्यक्रम**

सभी संभावित क्रेताओं को ऑनलाइन पब्लिक आक्शन के द्वारा रद्दी सामग्रियों की बिक्री में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

| ई-नीलामी तिथियाँ | अधीनस्थ लॉट | सम्पर्क फोन नं. |
|---|---|---|
| 12, 22 एवं 30 नवम्बर-2024 | उपमुसाप्र/डिपो/गोरखपुर | 0551-2283558 |
| 08, 19 एवं 27 नवम्बर-2024 | उपमुसाप्र/डिपो/इज्जतनगर | 0581-2518138 |
| 13, 21 एवं 29 नवम्बर-2024 | वमंसाप्र/लखनऊ | 0522-2233113 |
| 06, 20 एवं 28 नवम्बर-2024 | वमंसाप्र/वाराणसी | 0542-2224819 |
| 11, 18 एवं 25 नवम्बर-2024 | वमंसाप्र/इज्जतनगर | 0581-2518104 |

**सामग्री का प्रकार :-** स्क्रैप रेल, कास्ट आयरन, मेल्टिंग, एम.एस., निराकृत वैगन, कोच एवं लोकोमोटिव, टर्निंग, बोरिंग, फेरस, नॉन-फेरस, कापर, एल्युमीनियम, बैटरीज आदि। नीलामी प्रक्रिया उसी दिन पूर्ण नहीं होने पर नीलामी प्रक्रिया दूसरे अगले दिन भी जारी रहेगी। **नीलामी कैटलाग, प्रक्रिया एवं बिक्री शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है।**

मुजाधि/एस-65 — प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक/गोरखपुर

*गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें*


## भाकियू ( भानु ) ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** सिक्का ग्रुप द्वारा किसान का शोषण तथा भारतीय किसान यूनियन भानू के साथ वादा खिलाफी के विरोध में सिक्का बिल्डर सैक्टर98 पर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बाबा महाराज सिंह व संचालन ओमप्रकाश गुर्जर ने किया।

राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि भानु के कार्यकर्ता ने 2014 में सिक्का ग्रुप के सिक्का डाउनटाउन कैपिटल ग्रैंड सेक्टर 98 में एक यूनिट बुक की थी, जिसका 3 साल में पजेशन देना देना था ।लेकिन 10 वर्ष हो गये ,अब तक पजेशन नहीं मिला तो ,बिल्डर से संपर्क किया गया फिर बिल्डर ने पजेशन देने के नाम किसान पर लगभग 4 लाख रुपया लेट पेमेंट का जमा करने का दबाव बनाया तो ,उसके विरोध में संगठन ने सिक्का ग्रुप सेक्टर 98 पर 29 सितंबर को धरना दिया था। धरने के दौरान पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सिक्का ग्रुप की तरफ से उनके प्रतिनिधि ने संगठन के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं के साथ समझौता किया। समझौते में जो तय हुआ अब बिल्डर उससे मुकर रहा है, जो संगठन के साथ वादाखिलाफी है। इससे यह प्रतीत होता है की उक्त बिल्डर की करनी और कथनी में अंतर है। जिससे कार्यकताओं में भारी आक्रोश है। और अब जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता प्रतिदिन धरना चलता रहेगा ।

इस अवसर पर प्रेमसिंह भाटी, सेलकराम प्रधान, आनंद दरोगा, राजकुमार नागर जिला अध्यक्ष, सुभाष भाटी, डाक्टर रोहतास, महेश तंवर, अनिल बैसोया , विजयपाल भाटी, कमल बैसोया, अतुल प्रधान, हरेंद्र बैसोया, कालू तंवर, अंकुर कश्यप, राजू मावी, सुखबीर नागर आदि मौजूद रहे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com


## चार शातिर चोर गिरफ्तार



**नोएडा ।** थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के उपकरण आदि सामान बरामद किया। थाना ईकोटेक-3 के थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बना रहे शातिर चोर जाहिद अली पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम पृथला तथा अनुराग कश्यप ,सनी यादव, हर्षित यादव को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी करने के सरिया की रोड आदि उपकरण बरामद किए हैं। पकड़े गए अभियुक्तों ने दुकान, मकान में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।




खास खबर

## फिलीपींस में ट्रामी का कहर, 33 की गई जान

**मनीला** । ऊष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी ने फिलीपींस में भारी तबाही मचाई है। इस तूफान के कारण मनीला के दक्षिण में स्थित बटांगस प्रांत में 33 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से अधिकांश की मौत भूस्खलन के चलते हुई है। बटांगस के पुलिस प्रमुख कर्नल जैसिंटो मालिनाओ जूनियर ने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ के कारण कुल मौतों की संख्या 33 हो गई है। मौतों का आंकड़ा बढ़ने की संभावना है। ट्रामी तूफान शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी फिलीपींस में आया था। तालीसे शहर के झील किनारे स्थित क्षेत्र से 11 अन्य ग्रामीण लापता हैं। इस दौरान एक ग्रामीण की पत्नी और बच्चा भी लापता हैं। बचावकर्मियों ने खोजबीन के दौरान सिर और पैर का एक हिस्सा बरामद किया है, जो संभवतः लापता महिला और बच्चे का है। मूसलाधार बारिश के कारण अपनी पत्नी और बच्चे को खोने वाला ग्रामीण पूरी तरह टूट गया है और वह सदमे में है।

## गहरे बोरवेल में गिरकर युवक की मौत

**दौसा**। जिले के मंडावरी में एक व्यक्ति खेत में काम करते समय बोरवेल में गिर गया था। रेस्क्यू टीमों ने बचाव के तमाम प्रयास किए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। डीएसपी दिलीप मीना ने बताया कि 44 साल का हेमाराज गुर्जर अपने गांव टोडा ठेकला में खेत पर बोरवेल में फंसी मोटर को निकालने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक मिट्टी का ढेर ढह गया और वह 150 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। मौके पर पहुंच पुलिस-प्रशासन ने बताया कि युवक करीब 32 फीट की गहराई पर अटका हुआ है। शाम चार बजे ग्रामीणों ने सूचना दी। उसके बाद रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया। मौके पर जेसीबी से खुदाई शुरू की गई। जेसीबी मशीन, स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से हेमराज को बेहोशी की हालत में 15 फीट गहरे बोरवेल से बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली**। पद्मभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के कारण उन्हें दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। एम्स के सूत्रों के अनुसार, शारदा सिन्हा की स्थिति काफी गंभीर है और उन्हें आईसीयू में डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शारदा सिन्हा को खाने-पीने में कई समस्याएं आ रही थीं और उनका इलाज एम्स में पहले से ही चल रहा था। शनिवार सुबह उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत उन्हें एम्स में भर्ती कराया।
गौरतलब है कि हाल ही में शारदा सिन्हा के पति का ब्रेन हैमरेज के कारण निधन हो गया था, जिससे उन्हें गहरा आघात पहुंचा है। उनके पति के निधन के बाद से उनकी तबीयत में लगातार गिरावट देखी जा रही थी।

# राजकोट के 10 बड़े होटलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी
**राजकोट**। राजकोट के 10 प्रख्यात होटलों को बम से उड़ाने के बारे में धमकी भरे ई-मेल मिलने के बाद पुलिस समेत सभी जांच एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। सभी होटलों में डॉग स्क्वॉड समेत बम निरोधक दस्ते के साथ तलाशी ली जा रही है। राजकोट के फाइव स्टार होटल इम्पीरियल पैलेस समेत सयाजी होटल, सिजन्स होटल, होटल ग्रांड रेजन्सी समेत इन 10 होटलों को एक साथ ई-मेल भेजा गया है। राजकोट में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान जिस इम्पीरियल पैलेस और सयाजी होटल में क्रिकेट खिलाड़ी



रुकते हैं, वहां भी ई-मेल से धमकी दी गई है। मामले में ए डिवीजन के पीआई आर जी बारोट ने बताया कि क्राइम ब्रांच से हमें सूचना मिली है कि इस प्रकार का ईमेल आया है। इसके बाद हमने ए डिवीजन क्षेत्र के भाभा होटल, ज्योति होटल, इम्पीरियल होटल में चेकिंग की कार्रवाई की है। होटलों को दिन के 12.45 बजे ई-मेल भेजा गया। इसमें अंग्रेजी में लिखा गया था कि मैंने तुम्हारे होटल के सभी स्थानों पर बम रखा है, बम कुछ घंटों में ब्लास्ट होगा। आज कई निर्दोष लोगों की जान जाएगी, जल्दी करो और होटल खाली करो। ई-मेल करने वाले ने अपना नाम केन दिन बताया है। ई-मेल मिलने के बाद होटलों में हड़कंप मंच गया। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) क्राइम ब्रांच, लोकल क्राइम ब्रांच (एलसीबी), पीसीबी समेत बम स्क्वॉड मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं।

## चक्रवात दाना पड़ा कमजोर, आठ लाख लोगों को निकाला गया सुरक्षित

एजेंसी
**भुवनेश्वर** । ओडिशा में आया चक्रवात दाना कमजोर होकर हो गया है। ये जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी है। चक्रवात दाना ओडिशा तट पर पहुंचा, जिससे कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, बिजली के तार टूट गए और बंगाल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। तूफान ओडिशा के भीतरकनिका और धामरा के बीच 100-110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के साथ पहुंचा। आईएमडी ने पोस्ट कर बताया कि उत्तर ओडिशा पर दबाव (गंभीर चक्रवाती तूफान दाना का अवशेष) बीते 6 घंटों के दौरान थोड़ा पश्चिम की ओर बढ़ गया और उसी क्षेत्र में एक सुस्पष्ट निम्न दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर हो गया। इसके पहले ओडिशा के मुख्यमंत्री ने बताया कि 4431 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा गया है, जिसमें से 1600 ने प्रसव कराया है और सभी माताएं और बच्चे स्वस्थ हैं। स्थिति पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है। भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से हम चक्रवात दाना पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त करने वाले है। सीएम माझी ने कहा कि अब तक आठ लाख लोगों को निकाला गया है और बिजली के तारों को ठीक करने का काम हो रहा है। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि लगातार बारिश के कारण अधिकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ओडिशा अब सुरक्षित है। हम लोगों ने आठ लाख लोगों को निकाला है। कई राहत केंद्र अभी भी खुले हैं। बिजली के तारों की मरम्मत का काम चल रहा है।

## गाय से टकराकर बाइक सवारों पर पलटा ट्रक, चार की मौत

एजेंसी
**बड़वानी**। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा में शुक्रवार रात को बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां मिर्च से भरा मिनी ट्रक गाय को टक्कर मारकर असंतुलित होकर पलट गया। भारी भरकम ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवार एवं दो राहगीरों समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में पिता-पुत्र, भतीजा और पड़ोसी शामिल हैं। ट्रक चालक और उसका साथी फरार हो गए।
पुलिस के अनुसार यह हादसा सेंधवा के पुराने एबी रोड पर हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने शुक्रवार रात करीब 1 बजे हुआ। ट्रक के नीचे दबे लोगों को क्रेन की मदद से निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शी शाकिब शेख ने बताया




कि हम सेंधवा के नए बस स्टैंड से घर की ओर लौट रहे थे। तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ओवरटेक कर आगेनिकला। सरकारी स्कूल के सामने पहुंचते ही ट्रक ने पहले गाय को टक्कर मारी। फिर पलट गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया और शवों को बाहर निकाला।
सभी मृतक नागलवाड़ी के सालीकला के रहने वाले थे। रिंगनिया मेहता और उसका बेटा बाइक पर थे। उनके साथ रोड किनारे रिंगनिया का भतीजा बबलू और पड़ोसी श्यामलाल भी खड़े थे। तभी हादसा हो गया। चारों सेंधवा में एक निजी जिनिंग में मजदूरी करते थे। देर रात काम खत्म करने के बाद शहर से 10 किमी दूर अपने गांव सालिकला लौट रहे थे।
मृतकों में 40 वर्षीय रिंगनिया पुत्र जाड़ियां मेहता, 18 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रिंगनिया मेहता, 17 वर्षीयबबलू पुत्र पूनिया मेहता, 35 वर्षीय श्यामलाल पुत्र नंगा बडवा मेहता शामिल हैं। बताया गया कि ट्रक महाराष्ट्र के शाहदा से मिर्ची भरकर पंजाब के लुधियाना जा रहा था। शहर थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा है। पुलिस ट्रक चालक और उसके साथी की तलाश में जुटी है।

## बाबा सिद्दीकी हत्या केस से जुड़ा मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़**। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्या के मामले में जांच बहुत तेजी से चल रही है। बताया जा रहा है कि हाल ही हुए बाबा सिद्दीकी हत्या केस के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने आज लुधियाना काउंटर इंटेलिजेंस के सहयोग से मुख्य को गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान सुजीत कुमार के रूप में हुई है, जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लुधियाना के मुंडिया इलाके में अपने ससुराल के घर में छिपा हुआ था। मुंबई और लुधियाना के क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के बीच समन्वय के बाद, एडीसीपी अमनदीप सिंह बराड़ ने इस कार्रवाई का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप कुमार को पकड़ लिया गया और बाद में मुंबई के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## तानाशाह अलेक्जेंडर सातवीं बार संभालेंगे बेलारूस की सत्ता

एजेंसी
**मास्को** । राष्ट्रपति तानाशाह अलेक्जेंडर लुकाशेंको सातवीं बार बेलारूस की सत्ता संभालेंगे। अलेक्जेंडर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों में कई समानताएं भी हैं। पुतिन की तरह ही लुकाशेंको भी लंबे समय से बेलारूस की सत्ता पर काबिज है। इसी साल मार्च में पुतिन छठी बार रूस के राष्ट्रपति चुने गए थे। अब उनके दोस्त लुकाशेंको का भी सातवीं बार राष्ट्रपति बनना तय माना जा रहा है। बेलारूस में अगले साल जनवरी में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। लुकाशेंको 1994 से ही बेलारूस के राष्ट्रपति हैं। लुकाशेंको जब पहली बार चुनाव लड़ रहे थे, तब उन्होंने बेलारूस को गड्ढे से निकालने का वादा किया था, हालांकि, अब उनकी छवि तानाशाह की हो गई है। उन्हें यूरोप का आखिरी



तानाशाह भी कहा जाता है। लुकाशेंको का राजनीतिक सफर 1990 से शुरू हुआ था। उस समय लुकाशेंको रिपब्लिक ऑफ बेलारूस की सुप्रीम काउंसिल के डिप्टी चुने गए। 1993 में उन्हें बेलारूस की संसद की एंटी-करप्शन कमेटी का अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया। 1994 में बेलारूस में पहली बार राष्ट्रपति का चुनाव हुआ। चुनाव दो राउंड में हुए। पहले राउंड में लुकाशेंको ने 45 फीसदी और दूसरे राउंड में 80 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किए। लुकाशेंको शुरू से ही रूस के करीबी बने रहे।

## यूएनएससी में पाकिस्तान के बयान की भारत ने की कड़ी निंदा

एजेंसी
**जेनेवा** । भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कश्मीर मुद्दे को उठाने के लिए पाकिस्तान की कड़ी निंदा की है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने पाकिस्तान बयान को घृणित और शरारती उकसावा करार दिया। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान जैसे प्रतिनिधिमंडल अपनी रणनीति के तहत गलत सूचना और दुष्प्रचार फैलाने में संलग्न है। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में की गई टिप्पणियों का जवाब देकर कहा, इस महत्वपूर्ण वार्षिक बहस में इस तरह के राजनीतिक प्रचार में शामिल होना पूरी तरह से गलत है। इसके साथ ही, उन्होंने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाओं की स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित किया। भारतीय प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि पाकिस्तान में हिंदू, सिख और ईसाई महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्होंने मानवाधिकार आयोग के आंकड़ों का हवाला देकर बताया कि लगभग एक हजार अल्पसंख्यक महिलाओं को हर साल अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और विवाह का शिकार होना पड़ता है। भारत ने बहस के आयोजन के लिए स्विट्जरलैंड का आभार व्यक्त किया।

## खजुराहो उदयपुर इंटरसिटी के दो कोच में लगी आग

**छतरपुर** । खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन में हरपालपुर के पास शॉर्ट सर्किट से एसी के दो कोच में आग लग गई। धुंआ निकलता देख यात्रियों में अफरा तफरी मच गई थी। ट्रेन को मऊरानीपुर रेलवे स्टेशन पर रोका गया। वहां पर दोनों कोच की आग बुझाई गई। दोनों कोच में आग शार्ट सर्किट से लगी थी। यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर बैठाकर ट्रेन रवाना की गई। झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी का कहना है, सभी यात्री सुरक्षित हैं। जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

## कार में लगी आग, भाई-बहन सहित 4 भारतीय नागरिकों की मौत

एजेंसी
**टोरंटो**। टोरंटो शहर में एक भीषण कार दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत स्थिर बताई गई है। मृतकों में गुजरात के गोधरा के एक भाई-बहन भी शामिल थे। टोरंटो शहर में यह दुखद हादसा तब हुआ जब एक टेस्ला कार, जिसमें सभी पांच लोग सवार थे, अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खंभे से जा टकराई। टक्कर के बाद इलेक्ट्रिक कार की बैटरी में आग लगी। देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई और उसमें सवार चार लोग आग की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठे। मृतकों में शामिल




भाई-बहन गुजरात के गोधरा शहर के रहने वाले बताए गए हैं। स्थानीय समय के अनुसार रात 12:20 बजे, पांचों लोग एक टेस्ला कार में कहीं जा रहे थे। कार में भाई-बहन के अलावा बोरसद के जय सिसोदिया, दिग्विजय और झलक पटेल भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, प्रभा रोड स्थित मंगलमूर्ति सोसायटी के निवासी संजय सिंह गोहिल की बेटी केता गोहिल (30) और बेटा नीलराज गोहिल (26) इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे। केता 6 साल पहले पढ़ाई के सिलसिले में कनाडा गई थी और पढ़ाई पूरी करने के बाद एक लैब टेक्नीशियन के रूप में काम कर रही थी। नीलराज हाल ही में, 10 महीने पहले ही, पढ़ाई और नौकरी के सिलसिले में कनाडा गया था। नीलराज ब्राम्पटन शहर में रह रहा था और काम के साथ पढ़ाई भी कर रहा था। इस दर्दनाक हादसे में झलक पटेल, जो कार में अन्य सवारों के साथ थीं, किसी तरह से बच गईं। झलक को एक राहगीर ने देखा और आग की चपेट में आई कार से बाहर निकालने की कोशिश की। उनकी जान बचाने में राहगीर ने साहस दिखाते हुए मदद की, जिससे झलक को समय रहते कार से बाहर निकाला जा सका। फिलहाल झलक का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## शहीद पिता को 4 साल की बेटी ने दी मुखाग्नि

एजेंसी
**सिरसा** । कश्मीर के बारामूला के गुलमर्ग में आतंकी हमले में हरियाणा का 28 साल का फौजी जवान शहीद हो गया। शुक्रवार को फौजी जवान जीवन सिंह का पार्थिव शरीर घर पहुंचा और यहां पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जैसे ही शहीद की पार्थिव देह घर पहुंची तो चिख पुकार मच गई। बाद में शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। दरअसल, हरियाणा के सिरसा के कालांवाली, खंड रोड़ी के गांव रोहण राइफलमैन जीवन सिंह राठौड़ (28) कश्मीर के गुलमर्ग के बूटा-पथरी इलाके में सेना के काफिले पर आतंकी हमले में



शहीद हो गए थे। इस हमले में दो फौजियों सहित चार लोगों की मौत हुई थी। शुक्रवार शाम को सैन्य सम्मान के साथ जीवन सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। जीवन सिंह के पार्थिव शरीर को एयरफोर्स सेंटर लाया गया और फिर वहां से सेना के वाहन में उनकी पार्थिव देह लाई गई। इस दौरान रास्ते में बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कालांवाली के नायब तहसीलदार कंवरदीप सिंह और डीएसपी अर्शदीप सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की। बता दें कि जीवन सिंह चार बहनों के इकलौते भाई थे। उनके परिवार में पत्नी, छोटी-छोटी दो बेटियां और माता पिता हैं। जीवन सिंह साल 2016 में सेना में भर्ती हुए थे और राजपूताना राइफल्स में तैनात थे। इस दौरान शव को देखकर उनकी बड़ी बेटी चार साल की अनन्या और दो साल की छोटी बेटी भीषा फूट-फूटकर रोने लगीं और पिता को वापस लाने की बात कहती रही। वहीं शहीद की पत्नी कोमल और माता इस दौरान होश खो बैठे। गांव के श्मशान घाट में बड़ी बेटी अनन्या ने शहीद जीवन सिंह राठौर को मुखाग्नि दी।

## वैन से बरामद हुए 437 किलो सोने

**पुणे** । महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का माहौल बन गया है। यहां नेता अपना प्रचार कर रहे हैं तो चुनावी जीत के लिए रुठों को मनाने और अपनी स्थिति को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। इसी बीच पुणे में एक कार्गो कंपनी की वैन से 437 किलो सोने से बने 138 करोड़ रुपये की कीमत के सोने के गहने बरामद किए गए हैं। चुनाव आयोग और पुणे पुलिस ने मिलकर यह बड़ी बरामदगी की है। पुणे के कलेक्टर और चुनाव अधिकारी सुहास दिवसे ने बताया कि यह केवल धरपकड़ है। सोना जब्त नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी की वैन थी जो कि नियमित रूप से जूलरी ट्रांसपोर्ट करती है। उनके पास पेपर भी थे।

## व्हाट्सएप पर मेटा एआई अब हिंदी में उपलब्ध

एजेंसी
**नई दिल्ली** । व्हाट्सएप पर मेटा एआई अब हिंदी में उपलब्ध है, जिससे भारतीय उपयोगकताओं के लिए इस प्लेटफॉर्म का अनुभव और बेहतर होगा। यह घोषणा हाल ही में मेटा ने की है। यह कदम भारतीय उपभोक्ताओं को उनकी भाषा में सेवाएं प्रदान करने के लिए उठाया गया है, जिससे वे आसानी से एआई की सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस नई पेशकश के साथ, मेटा ने चैट मेमोरी नामक एक नया फीचर भी जोड़ा है, जो उपयोगकताओं को अधिक व्यक्तिगत और प्रासंगिक प्रतिक्रियाएं प्रदान करने में मदद करेगा। इस फीचर के तहत, मेटा एआई उपयोगकताओं द्वारा पहले साझा की गई जानकारियों को याद रखेगा। उदाहरण के लिए, यदि एआई को यह पता है कि उपयोगकर्ता शाकाहारी हैं, तो वह उनके लिए शाकाहारी रेसिपीज साझा कर सकेगा। चैट मेमोरी का उद्देश्य बातचीत को और अधिक सहज बनाना है। इससे उपयोगकर्ता न केवल अपने अनुसार सुझाव प्राप्त करेंगे, बल्कि एआई भी उनकी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिक्रियाएं देगा। इसमें व्यक्तिगत जानकारी जैसे खानपान की पसंद, जन्मदिन और बातचीत का तरीका भी शामिल होगा। यह एआई उपयोगकताओं की एलर्जी, पसंदीदा किताबें, डॉक्यूमेंट्री, और पॉडकास्ट जैसी रुचियों को भी ट्रैक कर सकेगा, जिससे वह अधिक प्रासंगिक सुझाव प्रदान कर सके।
हालांकि, इस फीचर के साथ प्राइवेसी के मुद्दे भी उठ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, कई तकनीकी कंपनियों ने मेमोरी से जुड़े फीचर्स पेश किए हैं, जिनमें उपयोगकताओं की व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग का खतरा रहा है।

# भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर की समस्या चिंताजनक

एजेंसी
**नई दिल्ली** । भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर की समस्या विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि हर साल हजारों महिलाएं इस बीमारी का शिकार बनती हैं। आईसीएमआर के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में सभी महिला कैंसरों में स्तन कैंसर के मामले 28.2 प्रतिशत थे। यह अनुमान है कि 2045 तक इसके मामले और मृत्यु दर में और वृद्धि हो सकती है। एक आम मिथक यह है कि बड़े स्तनों वाली महिलाओं को स्तन कैंसर का अधिक खतरा होता है। हालांकि, हाल के अध्ययनों ने इस धारणा को चुनौती दी है। विशेषज्ञ बताते हैं, ह्व1990 के दशक में किए गए कई अध्ययनों ने यह दावा किया था कि बड़ा स्तन कैंसर के उच्च



जोखिम से जुड़ा है। लेकिन हालिया शोध के अनुसार, स्तन का आकार खुद से स्तन कैंसर के जोखिम को नहीं बढ़ाता है। मोटापा, विशेषकर मेनोपॉज के बाद की महिलाओं में, इस बीमारी का एक प्रमुख जोखिम कारक है ह्व एक और सामान्य भ्रांति यह है कि स्तन की सर्जरी कराने वाली महिलाओं को स्तन कैंसर का खतरा होता है। डॉक्टरों का कहना है कि यह धारणा गलत है। शोधों से यह स्पष्ट होता है कि सर्जरी का कैंसर के जोखिम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके विपरीत, नियमित स्वास्थ्य जांच और सावधानी बरतने से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। स्तन कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए महिलाओं को अपने वजन को नियंत्रित करने, संतुलित आहार लेने और सक्रिय रहने की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। स्तन कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट महत्वपूर्ण हैं। मैमोग्राफी एक मानक अनुशंसित परीक्षण है, जो इस बीमारी के शुरूआती लक्षणों का पता लगाने में मदद करता है। यूनाइटेड स्टेट्स प्रिवेंटिव सर्विसेज टास्क फोर्स द्वारा 2024 में अपडेट किए गए दिशा-निदेशों के अनुसार, 40 वर्ष की आयु की महिलाओं को हर दो साल बाद मैमोग्राफी कराने की सलाह दी जाती है। स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उचित स्क्रीनिंग के माध्यम से हम इस गंभीर बीमारी के खतरे को कम कर सकते हैं। जागरूकता और सही जानकारी ही इस बीमारी से लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका है, जिससे महिलाएं अपनी सेहत का ख्याल रख सकें और समय पर आवश्यक उपचार प्राप्त कर सकें। बता दें कि स्तन कैंसर, भारत में महिलाओं के बीच सबसे आम कैंसर का प्रकार है, जो उच्च मृत्यु दर के साथ एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता बन गया है। अक्टूबर माह को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाने का मुख्य उद्देश्य इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं को इसके रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी देना है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्तन कैंसर एक ऐसा स्वास्थ्य मुद्दा है।

## गिरिराज सिंह के खिलाफ ओवैसी ने खोला मोर्चा

एजेंसी
**किशनगंज**। अपने बयानों से सियासी चौपाल पर चर्चा में रहने वाले एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ओवैसी की तरफ से किशनगंज कोर्ट में परिवाद दायर करने वाले वकील ने का कहना है की किशनगंज दौरे के दौरान गिरिराज सिंह ने जनसभा में भड़काऊ भाषण दिए और यहां की जनता की भावनाओं को आहत किया। आरोप लगाते हुए कहा है कि जनता की भावनाओं को चोट पहुंचाई है बल्कि हमारे हिंदू भाईयों को भड़काने का काम किया है।
वकील ने बताया कि सैक्सन 196,197, 199, 302 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कराया गया है और अदालत के



समक्ष वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है। बता दें कि एआईएमआईएम पार्टी से जुड़े इम्तियाज आलम ने न्यायालय में परिवाद दायर किया है। शम्स आजाद ने कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा के दौरान सभा में मौजूद लोगों को भड़काने की नीयत से आपराधिक साजिश के तहत उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के साथ-साथ हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बयान दिए थे।

# न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को 113 रन से हराया, रचा इतिहास

- न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार टेस्ट सीरीज अपने नाम की
- घर पर भारतीय टीम की लगातार 18 सीरीज जीतने का सिलसिला टूटा




एजेंसी

**पुणे।** न्यूजीलैंड ने पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 113 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज पर कब्जा जमाते हुए 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। कीवी टीम ने पहला मैच 8 विकेट से जीता था। सीरीज का आखिरी मैच मुम्बई में एक नवम्बर से खेला जाएगा।
मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहमान टीम ने अपनी पहली पारी में 259 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद न्यूजीलैंड दूसरी पारी में 103 रन की बढ़त के साथ उतरी और 255 रन बनाए। इस तरह भारतीय टीम को यह मैच जीतने के लिए 359 रनों का लक्ष्य मिला था। जवाब में भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी और 113 रन से मैच हार गई। पुणे टेस्ट मैच में हार के साथ ही भारतीय टीम ने यह टेस्ट सीरीज भी गंवा दी। साथ ही घर पर लगातार 18 सीरीज जीत का सिलसिला भी टूट गया। न्यूजीलैंड टीम ने पहली बार भारतीय सरजमीं पर टेस्ट सीरीज अपने नाम की है। न्यूजीलैंड से पहले इंग्लैंड ने साल 2012 में भारत को उसके घर में टेस्ट सीरीज में हराया था। न्यूजीलैंड की इस मैच में जीत के हिरो मिचेल सेंटनर रहे, जिन्होंने पहली पारी में सात और दूसरी पारी में छह विकेट लिये। 359 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने तेज शुरूआत की और पांच ओवर में 30 रन बना लिये। यहां भारतीय फैंस को अच्छी साझेदारी की उम्मीद थी लेकिन 34 के स्कोर पर भारतीय कप्तान आउट हो गए। अभी तक सीरीज में कप्तान रोहित का बल्ला खामोश रहा। इस पारी में भी वह बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान रोहित के जाने के बाद युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शुभमन गिल के साथ पारी को आगे बढ़ाया। यशस्वी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों पर पचासा जड़ दिया। भारतीय टीम का दूसरा विकेट 91 रन के स्कोर पर गिरा। संभलकर बल्लेबाजी कर रहे शुभमन गिल 31 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ दूसरे विकेट के लिए 62 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए विराट कोहली ने यशस्वी का साथ दिया, लेकिन 127 के स्कोर पर भारतीय टीम को दो बड़े झटके लगे। शानदार बल्लेबाजी कर रहे यशस्वी 65 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 77 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी के आउट होने के अगले ही ओवर में ऋषभ पंत रन आउट हो गए। पंत खाता भी नहीं खोल सके। फिर 147 रन के स्कोर पर भारतीय टीम को एक और बड़ा झटका लगा। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली 40 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हो गए। 165 के स्कोर पर सरफराज खान भी क्लीन बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। वह नौ रन बना सके। वॉशिंगटन सुंदर के रूप में भारतीय टीम का सातवां विकेट गिरा। सुंदर ने 21 रन बनाए। इसके बाद रविचंद्रन अश्विन 18 रन, आकाश दीप एक रन और रविन्द्र जडेजा 84 गेंदों पर 42 रन बनाकर आउट हुए। जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से दूसरी पारी में एक बार फिर मिचेल सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया और 6 विकेट लिये। मिचेल के अलावा एजाज पटेल ने दो और ग्लेन फिलिप्स ने एक विकेट लिया।

## पाक ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया

एजेंसी

**रावलपिंडी।** नोमान अली और साजिद खान के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराकर तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 2-1 से जीत ली। इस जीत के साथ ही तीन साल से अधिक के इंतजार के बाद, पाकिस्तान ने आखिरकार घरेलू धरती पर टेस्ट श्रृंखला जीत की मिठास का स्वाद चखा। मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लिश टीम ने जैमी स्मिथ (89) और बेन डकेट (52) के अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 267 रन बनाए। पहली पारी में पाकिस्तान के लिए साजिद खान ने 6 और नोमान अली ने 3 विकेट लिए, जबकि 1 विकेट जाहिद महमूद को मिला। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में सऊद शकील (134) के बेहतरीन शतक और नोमान अली (45) और साजिद खान (नाबाद 48) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 344 रन बनाए और 77 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की तरफ से रेहान अहमद ने 4, शोएब बशीर ने 3, गस एटकिंसन ने 2 और जैक लीच ने 1 विकेट लिया। दूसरी पारी में इंग्लिश बल्लेबाजी नोमान (6-42) और साजिद खान (4-69) की फिरकी के आगे पूरी तरह से ढ़ह गई और पूरी टीम 112 रन पर सिमट गई। जिससे पाकिस्तान को सीरीज जीतने के लिए केवल 36 रन की जरूरत थी। पाकिस्तान ने 36 रनों का लक्ष्य सैम अयूब (08) का विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तानी कप्तान शान मसूद ने जैक लीच की लगातार चार गेंदों पर चार चौके लगाए और शोएब बशीर के अगले ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर पाकिस्तान की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। नोमान और साजिद ने इंग्लैंड के 20 में से 19 विकेट चटकाए, जबकि पाकिस्तान ने मैच में अपने एकमात्र तेज गेंदबाज आमिर जमाल का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया। साजिद ने मैच में 10 और नोमान अली ने 9 विकेट लिए।



## एलेक्स डी मिनौर वियना ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**विएना।** एलेक्स डी मिनौर ने जैकब मेनसिक को 6-7(2), 6-3, 6-4 से हराकर विएना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदें बरकरार रहीं। 25 वर्षीय खिलाड़ी, जो वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में नौवें स्थान पर है, ने कड़ी मेहनत की और दो घंटे 34 मिनट में जीत दर्ज की।
मेनसिक ने सबसे पहले गियर बदला, शुरूआती सेट टाई-ब्रेक में चला गया। उन्होंने आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का इस्तेमाल किया और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से गलतियाँ करवाकर पहला सेट 7-6(2) से अपने नाम किया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने पहले सेट में 24 विनर्स लगाए, जिसमें नौ ऐस शामिल थे। डी मिनौर ने दूसरे सेट के छठे गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक अर्जित करके जवाब दिया और सेट को 6-3 से जीतकर मैच को बराबर कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने तीसरे सेट के पांचवें गेम में मेनसिक की फिर से सर्विस तोड़ी और मैच के बाकी समय तक नियंत्रण में रहे। हार के बावजूद, मेनसिक दिसंबर में होने वाले नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की राह पर हैं। 19 वर्षीय खिलाड़ी एटीपी लाइव रेस टू जेद्दा में तीसरे स्थान पर है। दूसरी तरफ, खाचानोव ने मैटेओ बेरेटिनी को 6-1, 6-4 से हराया और अपनी जीत का सिलसिला सात मैचों तक बढ़ाया। पिछले सप्ताह अल्माटी ओपन जीतने वाले 28 वर्षीय खिलाड़ी ने वियना में एटीपी 500 टूनामेंट में अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इतालवी खिलाड़ी को एक घंटे और 18 मिनट में हराया।



## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शमी की जगह कृष्णा शामिल

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने अगले माह होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल नहीं किया है। शमी की जगह पर युवा खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में जगह दी गयी है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच मैचों की एक टेस्ट सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई के अनुसार शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। इसी कारण उनकी जगह पर कृष्णा को अवसर मिला है। इस युवा खिलाड़ी की नौ महीने बाद टीम में वापसी हुई है। कृष्णा ने भारतीय टीम की ओर से अपना अंतिम मैच साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर खेला था। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। कृष्णा को चयनकर्तओं ने ऑस्ट्रेलियाई हालातों को ध्यान में रखने हुए टीम में शामिल किया है। कृष्णा की लंबाई काफी अच्छी है और ऑस्ट्रेलिया की उछ्ल भरी पिचों पर वह प्रभावी साबित हो सकते हैं। कृष्णा की गेंदों में तेजी भी है जो ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर बेहद कारगर रहेगी। बाउंस और रफ्तार के अलावा इस युवा गेंदबाज की सीम पोजिशन भी शानदार है जिसके चलते वह विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के पास रहेगी। इन दोनों के अलावा कृष्णा पर भी नजरें रहेंगी।

## एरोबिक जिम्नास्टिक स्टेट चयन परीक्षण आज

**रांची।** झारखंड राज्य जिम्नास्टिक संघ द्वारा एरोबिक जिम्नास्टिक स्टेट चयन परीक्षण का आयोजन 27 अक्टूबर 2024, रविवार को रेलवे खेल परिसर, चक्रधरपुर में किया जाएगा। इस परीक्षण में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। झारखंड के सभी जिलों से खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है, जो इस अवसर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे इस चयन परीक्षण की देखरेख जितेन्द्र कुमार सिंह, एनआईएस प्रशिक्षक, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा की जाएगी। आयोजन के माध्यम से राज्य के श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाएगा। तुलिका श्रीवास्तव, दीपक साहू, विकास गोप, हेमा, नीलम यह जानकारी झारखंड राज्य जिम्नास्टिक संघ के प्रशासनिक सचिव, दीपक कुमार साहु ने दी।

## बांग्लादेश की कप्तानी छोड़ सकते हैं नजमुल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सभी प्रारूपों के कप्तान नजमुल हुसैन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद कप्तानी करने की संभावना नहीं है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फरवरी 2024 में नजमुल को एक साल के लिए सभी प्रारूपों का कप्तान नियुक्त किया था और उम्मीद थी कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की अगुआई करेंगे। हालांकि, नजमुल ने बोर्ड को अपने पद से इस्तीफा देने की सूचना दे दी है और अब बोर्ड अध्यक्ष फारूक अहमद की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं, जो फिलहाल विदेश में हैं और जल्द ही उनके आने की उम्मीद है।
क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने से इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हां, उन्होंने हमें बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के बाद टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार नहीं हैं। बीसीबी के एक शीर्ष निदेशक उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो इस समय संभव नहीं लगता। पता चला है कि 2024 टी20 विश्व कप के बाद नजमुल ने टी20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना मन बदल लिया और तीनों प्रारूपों से इस्तीफा देना चाहते थे। पिछले कुछ समय से नजमुल की कप्तानी लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रही है, जिसके बाद कई लोगों ने उनकी आलोचना की है। बीसीबी के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अगर नजमुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के बाद टीम की अगुआई करने के लिए राजी नहीं होते हैं, तो बोर्ड टेस्ट और वनडे की कप्तानी मेहदी हसन को सौंप सकता है, जबकि तौहीद हृदय टी20 टीम की कमान संभाल सकते हैं। नजमुल ने नौ टेस्ट मैचों में बांग्लादेश की अगुआई की और तीन जीत तथा छह हारे, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ पहली टेस्ट सीरीज जीत भी शामिल है। उन्होंने जिन नौ वनडे मैचों में बांग्लादेश की अगुआई की, उनमें से छह में उन्हें हार का सामना करना पड़ा और तीन में जीत मिली। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 24 मैचों में टीम की अगुआई की, जिसमें से 10 में उन्हें जीत मिली।



## संजय मांजरेकर की विराट कोहली के शॉट चयन पर टिप्पणी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान विराट कोहली के निराशाजनक आउट होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कोहली ने अपने करियर का सबसे खराब शॉट खेला। इस टेस्ट की पहली पारी में, विराट केवल 9 गेंदों में एक रन बनाकर आउट हुए, जब उन्होंने स्पिनर मिचेल सेंटनर द्वारा फेंकी गई नीची फुलटॉस गेंद को खेलने में चूक की, जिससे गेंद उनके बल्ले के नीचे से लगकर स्टंप्स को छू गई। मांजरेकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ओह डियर! विराट को खुद पता चल जाएगा कि उन्होंने आउट होने के लिए अपने करियर का सबसे खराब शॉट खेला है। उन्हें महसूस करना होगा कि हमेशा की तरह वह ठोस और ईमानदार इरादे के साथ मैदान पर उतरे थे। इस साल, विराट को खराब शॉट चयन के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने 5 टेस्ट की 9 पारियों में केवल 28.50 की औसत से 228 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 70 है। हालांकि, मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 ??में, विराट ने 8 टेस्ट मैचों में 44.91 की औसत से 539 रन बनाए हैं, जिसमें 13 पारियों में एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 रहा है। 2020 के बाद से, विराट का टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन औसत नहीं रहा है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में 33 टेस्ट मैचों में 33.01 की औसत से 1,816 रन बनाए हैं, जिसमें 57 पारियों में केवल 2 शतक और 9 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 186 रहा है।



## मोहम्मद रिजवान ने बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 2000 रन बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि उन्होंने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन हासिल की। रिजवान ने यह कारनामा केवल 57 टेस्ट पारियों में किया, जो पूर्व रिकॉर्ड धारक सरफराज अहमद के 59 पारियों के रिकॉर्ड को तोड़ता है। रिजवान, जो पाकिस्तान की वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं, को राष्ट्रीय टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। मैच से पहले वह इस उपलब्धि से 16 रन दूर थे, और उन्होंने बिना किसी परेशानी के 2000 रन का आंकड़ा पार कर लिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरूआत जैक लीच की गेंद पर डीप मिडविकेट क्षेत्र में छक्का लगाकर की, जिससे उनके इरादे स्पष्ट हो गए। हालांकि, वे ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए और रेहान अहमद ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। रिजवान ने 46 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए। जब रिजवान आउट हुए, तब पाकिस्तान 49.3 ओवर में 151 रन पर पांच विकेट खो चुका था, जो कि इंग्लैंड की पहली पारी के स्कोर 267 से 116 रन पीछे था। रिजवान ने 2016 में अपने टेस्ट करियर की शुरूआत के बाद से अब तक 35 टेस्ट मैचों में 41.85 की औसत से 2009 रन बनाए हैं। उन्होंने अगस्त 2024 में रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ नजमुल हुसैन शांतो के खिलाफ नाबाद 171 रन के साथ तीन शतक भी बनाए हैं।



## भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हुई अमेलिया केर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर अमेलिया केर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीरीज के पहले मैच में अपनी बायीं क्वाड्रिसेप की मांसपेशी में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हो गई हैं।
उस मैच में, अमेलिया को 4-42 के अपने स्पेल के दौरान चोट लगी थी और वह नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी थीं, जहां वह 25 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम 227 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40.4 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा कि 24 अक्टूबर को हुए मैच के बाद सुबह अमेलिया को स्कैन के लिए ले जाया गया था। स्कैन में ग्रेड वन क्वाड्रिसेप टियर का पता चला, जिसके ठीक होने में लगभग तीन सप्ताह लगेंगे। हेड कोच बेन सॉयर ने कहा।, ?हम मेली के लिए वाकई बहुत दुखी हैं। चोट लगना हमेशा ही किसी खिलाड़ी के लिए चुनौतीपूर्ण समय होता है और हम जानते हैं कि वह इन खेलों में नहीं खेल पाने से कितनी निराश है। हर कोई जानता है कि मेली इस टीम का कितना अहम हिस्सा है, इसलिए हम निश्चित रूप से उसे मिस करेंगे, लेकिन हम उसके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। न्यूजीलैंड द्वारा यूएई में 2024 महिला टी20 विश्व कप जीतने के बाद करियर की ऊंचाई हासिल करने के बाद अमेलिया भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उतरी थीं। उन्होंने टी-20 विश्व कप में 15 विकेट लिए और 135 रन बनाए, जो महिला टी20 विश्व कप के किसी भी संस्करण में किसी भी खिलाड़ी द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं।
एनजेडसी ने कहा कि अमेलिया 27 अक्टूबर को पुनर्वास शुरू करने के लिए घर लौट आएंगी, टीम 29 अक्टूबर को खेले जाने वाले सीरीज के अंतिम मैच के साथ अपने दल में किसी प्रतिस्थापन की मांग नहीं करेगी।
2025 महिला वनडे विश्व कप के लिए स्वतः योग्यता प्राप्त करने के लिए, उन्हें चैंपियनशिप में अपने शेष मैच जीतकर और अन्य टीमों से आगे अपना नेट रन रेट बनाए रखते हुए तालिका में शीर्ष पांच में शामिल होना होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा वनडे 27 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा, इसके बाद सीरीज का आखिरी मैच 29 अक्टूबर को खेला जाएगा।





ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई लीशेस्टर और नौटिंघम की टीमें।

## खास खबर

### सेमीफाइनल में पहुंचीं सिनियाकोवा

**गुआंगझोउ।** चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा ने शुक्रवार को यहां डब्ल्यूटीए गुआंगझोउ ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सिनियाकोवा ने संयुक्त राज्य अमेरिका की पेरा बर्नार्डा को सीधे सेटों में हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।पहले सेट के तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बावजूद, सिनियाकोवा ने एक घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में बर्नार्डा को 6-4, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।अन्य तीन एकल क्वार्टर फाइनल में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी ने चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग शियायू को 6-4, 6-1 से हराया, सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच ने थाईलैंड की मनंचया सावांगकाव को 6-4, 6-4 से हराया और संयुक्त राज्य अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड ने स्पेन की बुजास मानेरो को 6-4, 4-6, 6-0 से हराया।

### अर्जुन एरिगैसी ने बनाया रिकार्ड

**नई दिल्ली ।** भारत के युव शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने यूरोपियन क्लब कप के पांचवें दौरमें रूस के दिमित्री आंद्रेइकिन को हराकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ ही अर्जुन 2800 एलओ रेटिंग हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बन गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड केवल विश्वनाथान आनंद के आना था आनंद ने साल 2011 में 2820 एलओ रेटिंग हासिल की थी अर्जुन ने यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2024 में सफेद मोहरों से खेलते हुए टीम अल्कलॉइड की ओर से पांचवें दौर में रूस के दिमित्री हराया। ??इस जीत से वह लाइव रेटिंग सूची में विश्व में तीसरे नंबर पहुंच गये। अर्जुन 2800 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले 16वें खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं अलीरेजा फिरोजा 2800 अंक की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वहीं पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

### रोहित शर्मा का वीडियो वायरल

**पुणे ।** भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 255 रनों पर सिमट गई। इसके साथ टीम इंडिया को 318 रनों का लक्ष्य मिला है। जिससे भारतीय टीम के लिए मैच जीतना मुश्किल हो सकता है। भारतीय टीम इस मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई तो वह सीरीज भी हार जाएगी, क्योंकि पहले मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। अगर भारत तीसरा मैच जीत भी लेता है तो सीरीज उनके हाथ से निकल चुकी होगी। इस बीच कप्तान रोहित शर्मा का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह खिलाड़ियों से हल्के-फुल्के अंदाज में बात करते नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वायरल इस वीडियो में रोहित शर्मा अपने गेंदबाज से धीमी गेंद डालने की बात कहते हैं। रोहित मजाकिया अंदाज में कहते हैं, इतना जोर से बॉल आएगा तो मैं मर जाऊंगा साले इसको धीरे डाल ना, थोड़ा ऊपर जाएगा बॉल।

### क्वार्टर फाइनल में पहुंची मनिका बत्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने शुक्रवार रात फ्रांस के मोंटपेलियर में विश्व की 14वें नंबर की खिलाड़ी बर्नडेट स्जोक्स को हराकर डब्ल्यूटीटी चैंपियंस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व की 30वें नंबर की खिलाड़ी बत्रा ने आठवीं वरीयता प्राप्त रोमानियाई खिलाड़ी के खिलाफ 29 मिनट में 3-1 (11-9, 6-11, 13-11, 11-9) से करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी ने तीसरे गेम में दो गेम प्वाइंट बचाए। चौथे गेम में 4-7 से पिछड़ने के दौरान स्जोक्स ने टाइम-आउट लिया। हालांकि, बत्रा ने अपने 29 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी की देर से वापसी का मुकाबला किया और अपने दूसरे मैच प्वाइंट को स्कोर में बदलकर मैच को 6-5 से जीत लिया। इस तरह हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में उनका स्कोर 6-5 हो गया।




कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'भूल भुलैया 3' दिवाली के मौक पर बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में रूह बाबा और मंजुलिका के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें कॉमेडी के साथ-साथ हॉरर और थिलर का भी धमाकेदार तड़का देखने को मिला। यह फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

# सामने आया 'भूल भुलैया 3' का पोस्टर

फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद यह खबरें सामने आ रही थीं कि 'भूल भुलैया 3' में एक्टर अक्षय कुमार कैमियो रोल में नजर आएंगे. लेकिन अब फिल्म के डायरेक्ट ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

हाल ही में एक इंटव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' में अक्षय कुमार के कैमियो रोल पर रिएक्ट किया है. अनीस बज्मी ने कहा, 'मैं बिना किसी भी हिचकिचाहट के किसी भी समय अक्षय के साथ संपर्क करने में कंफर्टेबल हूं.' अनीस ने आगे कहा कि वह उन्हें अक्षय को अप्रोच करने का अधिकार है और वह उन्हें अपनी फिल्मों में काम करने के लिए मना सकते हैं. उन्होंने कहा कि बहुत कम लोगों का उनके साथ इस तरह का तालमेल है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई किरदार या कैमियो अक्षय पर फिट बैठता है, तो वह उन्हें फिल्म में कास्ट करने पर विचार करेंगे। बता दें कि अक्षय कुमरा और विद्या बालन की फिल्म 'भूल भुलैया' साल 2017 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में अमीषा पटेल और शाइनी आहूजा भी लीड रोल में थे. यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

# प्रियंका ने बॉलीवुड पर कसा तंज

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी फिल्म 'पाणी' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान भारत आई थीं। इस दौरान प्रियंका ने अपनी अदाओं से फैंस का दिल लूट लिया था, हालांकि अब प्रियंका अमेरिका वापस लौट गई हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने फोर्ब्स इंडिया को एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड में काम करने के तरीकों पर बात की।

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में कहा कि वैसे तो आमतौर पर पर हर देश अलग होता है। उन्होंने कहा, 'हर देश की अपनी कल्चरल चीजें होती हैं और काम करने का तरीका भी अलग होता है। मैंने बॉलीवुड और हॉलीवुड के बीच एक बड़ा अंतर देखा है। मैंने देखा है कि हॉलीवुड में सबसे ज्यादा कागजी कार्रवाई होती है।' एक्ट्रेस ने बताया कि हॉलीवुड में कोई भी फिल्म काम करने से पहले 100 ईमेल आपके पास आने लगते हैं। बहुत ही समय स्पेसिफिक होता है, उन्होंने कहा, 'हॉलीवुड वाकई में चुस्त और बहुत व्यवस्थित है।' एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा, 'हमारे पास बहुत सारे जुगाड़ हैं और हम काम पूरा कर लेते हैं। इसको लेकर हम थोड़ा रोमांटिक हैं, जैसे ये हो जाएगा या फिर ये हम कर लेंगे। इसलिए काम करने का यह तरीका बहुत ही अलग है,मुझे लगता है कि बॉलीवुड हो या फिर हॉलीवुड हमारी क्रिएटिविटी कभी-कभी बहुत बायोलॉजिकल हो सकती है। यही सबसे बड़ा अंतर है, जो मैंने देखा है वरना दुनिया भर में फिल्म मेकिंग केवल एक ही भाषा बोलती है।' बता दें कि एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और वह अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती हैं। प्रियंका चोपड़ा की इंस्टाग्राम पर काफी लंबी-चौड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस को इंस्टा पर 92.1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री और टीवी जगत की तमाम खबरों के लिए बॉलीवुडलाइफ के साथ बने रहे।



## अभिषेक बच्चन डेटिंग रूमर्स पर निम्रत कौर ने तोड़ी चुप्पी

पिछले कुछ महीनों से एक्टर अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय अपने तलाक के रूमर्स को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। बीते दिनों खबरें आईं कि 'दसवीं' एक्ट्रेस निम्रत कौर संग अफेयर के कारण ऐश्वर्या और अभिषेक के रिश्ते में आई है। हालांकि अब इसी बीच एक्ट्रेस निम्रत कौर ने अपने अफेयर के रूमर्स पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अभिषेक बच्चन संग रिश्ते को लेकर क्रिप्टिक पोस्ट लिखा। उन्होंने कहा कि कहा कि लोगों का काम केवल बातें करना है। इसके अलावा एक इंटरव्यू में भी निम्रत ने इन रूमर्स पर रिएक्ट किया।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान निम्रत कौर ने अपनी पर्सनल लाइफ पर बातचीत की. उन्होंने अभिषेक बच्चन संग अफेयर की खबरों पर रिएक्ट करते हुए कहा, 'मैं कुछ भी कर लूं लेकिन लोग तब भी वही कहेंगे जो उन्हें कहना है. ऐसी गॉसिप्स रुकती नहीं है और मैं केवल अपने काम पर फोकस कर रही हूं.' निम्रत कौर के इस बयान ने साफ कर दिया है कि अभिषेक संग उनके अफेयर की खबर पूरी तरह से बेबुनियाद है।

बताते चलें कि अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के दौरान अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के तलाक की अफवाह ने जोर पकड़ा था. दरअसल इस शादी में जहां पूरा बच्चन परिवार एक साथ नजर आया था तो वहीं ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या के साथ इस शादी में अकेले पहुंची थीं. जब अनंत अंबानी की शादी की तस्वीरें सामने आईं तो लोगों ने यह सवाल पूछना शुरू कर दिया कि आखिर ऐश्वर्या और आराध्या बच्चन परिवार के साथ क्यों कोई भी फंक्शन अटेंड नहीं कर रही हैं. इसके बाद ऐश्वर्या पेरिस फैशन वीक के साथ ही अबू धाबी में आईफा अवॉर्ड्स का इवेंट भी अकेले ही अटेंड करने पहुंची थीं. बॉलीवुड इंडस्ट्री और टीवी जगत की तमाम खबरों के लिए बॉलीवुडलाइफ के साथ बने रहे।

# सुर्खियों में 'कंगुवा 2'



साउथ स्टार सूर्या इन दिनों अपनी फिल्म 'कंगुवा' को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। फिल्म के विलेन बॉबी देओल के साथ मिलकर सूर्या फिल्म के प्रमोशन में बिजी चल रहे हैं। इसी बीच फिल्म के सीक्वल को लेकर बड़ी जानकारी हाथ लगी है. फिल्म के प्रोड्यूसर ने 'कंगुवा 2' को लेकर बड़ी अपडेट दे दी है। साउथ सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियों का हिस्सा बने हुए हैं। इस एक्शन थिलर फिल्म की रिलीज का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

सूर्या और बॉबी देओल इन दिनों फिल्म का जबरदस्त प्रमोशन करते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के दोनों स्टार अलग-अलग लोकेशन पर कंगुवा को प्रमोट कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान मेकर्स ने फिल्म के सीक्वल को लेकर बात की, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ईटाइम्स के साथ एक इंटरव्यू में, कांगुवा के प्रोड्यूसर TJ Gnanavel ने खुलासा किया कि फिल्म की शुरुआत से ही दो पाट्र्स को लेकर प्लानिंग की जा रही थी,उन्होंने बाताया कि फिल्म के सीक्वल में किरदारओं की पिछली कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म की सीक्वल के शेड्यूल पर बात करते हुए प्रोड्यूसर ने बताया कि, कंगुवा 2 का प्री-प्रोडक्शन अगले साल शुरू होगा, जबकि इसकी शूटिंग 2026 में शुरू होगी. उन्होंने ये भी बताया कि इस फिल्म को साल 2027 में रिलीज किया जाएगा।

साल 2026 में शुरू होगी कंगुवा 2 की शूटिंग! गनावेल ने कहा, डायरेक्टर शिवा ने कांगुवा के साथ एक अनदेखी दुनिया को जीवंत किया है, और मेरा मानना है कि दर्शक इसे अपनाएंगे। इसकी कल्पना दो-पार्ट वाले प्रोजेक्ट के रूप में की गई है,जिसमें एक स्पिन-ऑफ वेब सीरीज की प्लानिंग है। उधरन (बॉबी देओल का किरदार) जैसे हर किरदार की एक डीटेल बैकस्टोरी होगी. 'कांगुवा 2 का प्री-प्रोडक्शन अगले साल शुरू होगा, फिल्मांकन 2026 में शुरू होगा, 2027 में रिलीज करने का लक्ष्य है।



# दिवाली को अविस्मरणीय बनाने के लिए तैयार

राहुल देशपांडे के ये म्यूजिकल कॉन्सर्ट, जो अपने उच्च संगीत अनुभव के लिए जाने जाते हैं, इस दिवाली को अविस्मरणीय बनाने के लिए तैयार हैं। 'वसंतोत्सव' के हिस्से के रूप में, 'राहुल देशपांडे कलेक्टिव' के पहले संगीत कार्यक्रम 29 और 30 अक्टूबर को दिवाली की पूर्व संध्या पर बोरीवली, ठाणे और डोंबिवली में होने वाले हैं। 29 अक्टूबर को रात 9 बजे डोंबिवली के सावित्रीबाई फुले सभागार में होगा। इसके बाद 30 अक्टूबर को सुबह 7 बजे ठाणे के काशीनाथ घाणेकर सभागार में कार्यक्रम होगा और उस दिन बाद में तीसरा संगीत कार्यक्रम रात 9 बजे बोरीवली के प्रबोधनकर ठाकरे सभागार में आयोजित किया जाएगा। हिंदी गीतों और शास्त्रीय धुनों के अपने अनूठे कार्यक्रम में,राहुल देशपांडे संगीत के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल इस संगीत कार्यक्रम करेंगे। संगीत कार्यक्रमों के बारे में बोलते हुए, राहुल देशपांडे ने कहा, कई सालों से, हम मुंबई में वसंतोत्सव का आनंद ला रहे हैं, और वसंतोत्सव का दिवाली संस्करण हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। हम सुगी समूह और मुंबई के दर्शकों के प्रति गहराई से आभारी हैं, जिनके समर्थन ने हमें इस खूबसूरत परंपरा को जीवित और संपन्न रखने में मदद की है। सुगी ग्रुप के संस्थापक और मैनेजिंग पार्टनर निशांत देशमुख ने यह कहते हुए उत्साह व्यक्त किया,सुगी ग्रुप इस साल दिवाली को विशेष तरीके से मनाने के लिए सभी मुंबईकरों के लिए एक संगीत अवसर पेश करने के लिए रोमांचित है। वसंतोत्सव एक वार्षिक भारतीय शास्त्रीय उत्सव उत्सव है, जिसमें शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय, लोक और हल्के संगीत सहित पारंपरिक भारतीय संगीत की एक विविध श्रेणी का प्रदर्शन किया जाता है। हम सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण के लिए अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विरासत को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास करते हैं।





# 22 नवंबर को रिलीज होगी 'नाम'

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की फिल्म 'नाम' 22 नवंबर को रिलीज होगी। रोओंग्टा एंटरटेनमेंट ने स्नीगधा मूवीज प्रा. लि. के साथ मिलकर अजय देवगन की नई फिल्म 'नाम' की घोषणा की है। निर्माताओं ने आधिकारिक शीर्षक के साथ एक घोषणा पोस्टर के माध्यम से दर्शकों को उत्सुक कर दिया है।

अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित और अनिल रोओंग्टा द्वारा रोओंग्टा एंटरटेनमेंट प्रस्तुत स्नीगधा मूवीज प्रा. लि. के सहयोग से बनीं फिल्म 22 नवंबर को पेन मारुधर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया और साजिद वाजिद द्वारा कंपोज्ड किया गया है।

# फिसला विद्या बालन का पैर

इस दिवाली निर्देशक प्रियदर्शन एक बार फिर से धमाल मचाने वाले हैं। इस दिवाली प्रियदर्शन की भूल भुलैया 3 रिलीज होने वाली है। उनकी ये फिल्म बॉलीवुड की क्लासिक कल्ट मूवी में गिनी जाती है। भूल भुलैया 3 में दर्शकों को जबरदस्त मजा आने वाला है। इस बार फिल्म में दर्शकों को एक नहीं, बल्कि दो-दो सुपरस्टार को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। जी हां, मूवी में विद्या बालन के साथ माधुरी दीक्षित भी अहम किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म का आमी जे तोमार 3.0 रिलीज हो गया है, जो आउट होते ही छा गया है। ऐसे में अब आमी जे तोमार 3.0 सॉन्ग लॉन्च के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। स्टेज पर माधुरी के साथ डांस करते वक्त विद्या गिर गईं। ऐसे में जिस अंदाज में माधुरी ने उन्हें संभाला ये देखकर न सिर्फ विद्या बल्कि फैंस का भी दिल खुश हो गया। आमी जे तोमार 3.0 सॉन्ग लांच इवेंट में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन ने स्टेज पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। इस दौरान माधुरी और मंजुलिका यानी विद्या दोनों ही एक दूसरे को स्टेज पर कड़ी टक्कर दी। डांस करते वक्त विद्या का पैर फिसल गया और वो स्टेज पर ही गिर गईं, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने डांस करना नहीं रोका और पूरा परफार्म किया। वहीं, माधुरी ने भी उन्हें संभालते हुए किसी को अहसास नहीं होने दिया कि विद्या गिर गई हैं। इस बात के लिए न सिर्फ मंजुलिका बल्कि वहां मौजूद सभी लोगों ने माधुरी की तारीफ की।



## मनोज बाजपेयी को मिला खास सम्मान



निर्देशक राम रेड्डी की शानदार और सिनेमाई प्रेम से भरपूर फिल्म 'द फैबल' के लिए मनोज बाजपेयी को MAMI मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2024 में दक्षिण एशिया प्रतियोगिता में विशेष जूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसका एशिया प्रीमियर पिछले सप्ताह MAMI में हुआ था। पुरस्कार की घोषणा करते हुए, फिल्म निर्माता कबीर खान ने फिल्म को एक परिष्कृत और कल्पनाशील फिल्म बताया जो उनकी पूरी टीम की मेहनत को दिखाती है। साथ ही उन्होंने मनोज बाजयपेयी की तारीफ की है और अब एक्टर का इस पर रिएक्शन सामने आया है। मनोज बाजयपेयी अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। फिल्म में मनोज के अलावा प्रियंका बोस, दीपक डोबरियाल, तिलोत्तमा शोम, हिरल सिद्धु और अवान पुकोट ने भी बेहतरीन अभिनय किया है। राम रेड्डी इस समय स्पेन में एक और फिल्म समारोह में भाग लेने पहुंचे हैं। इसलिए वे MAMI के समापन समारोह में नहीं रुक पाए। लेकिन, उनके पिता, निर्माता प्रताप रेड्डी ने टीम की ओर से उनका एक संदेश पढ़ा, जिसमें कहा गया, 'हम MAMI को इस शानदार अवसर के लिए धन्यवाद कहना चाहते हैं, जिससे हमें इस तरह के जोशीले और रोमांचक समारोह में अपनी फिल्म दिखाने का मौका मिला।'



# तेलुगू में डेब्यू करेंगी मालविका मोहनन

तमिल सिनेमा की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब तेलुगू फिल्म में डेब्यू को तैयार हैं। मालविका 'बाहुबली' स्टार प्रभास संग नजर आएंगी। मालविका मोहनन 'द राजा साहब' के साथ तेलुगू फिल्मों में डेब्यू के लिए तैयार हैं। 'द राजा साहब' के बारे में मालविका ने कहा 'सुपरस्टार प्रभास से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है।'

### प्रभास सर से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है

मालविका ने कहा 'यह मेरी तेलुगू डेब्यू है और मैंने इसके लिए लंबे समय तक इंतजार किया है।' अभिनेत्री ने कहा कि 'मैं चाहती थी कि तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए मेरे पास सही फिल्म आए।' उन्होंने आगे कहा 'मुझे लगता है कि प्रभास सर से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है।' रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साहब' के बारे में अभिनेत्री ने कहा 'बहुत मजेदार फिल्म है, जो दर्शकों को काफी पसंद आने वाला है।'मोहनन ने कहा' यह हल्की-फुल्की फिल्म है और दर्शकों को आकर्षित करेगी, हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं।' फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभिनेत्री ने कहा 'द राजा साहब' अगले साल अप्रैल में रिलीज हो सकती है।

### 'सरदार 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं मालविका मोहनन

मालविका मोहनन इन दिनों 'सरदार 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री ने फिल्म की एक झलक साझा की। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह एक्शन सीन्स के लिए तैयार होती देखी जा सकती हैं। पोस्ट में मालविका एक स्टंट के लिए तैयार नजर आईं। अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा और बताया कि चुनौतीपूर्ण सीन्स की शूटिंग कैसे होती है। मालविका ने लिखा 'सरदार 2' के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण स्टंट सीक्वेंस शूट किए और सोचा कि मैं आप लोगों को दिखाऊं कि हम अपने कॉस्ट्यूम के अंदर जो बचाव के लिए हार्नेस पहनते हैं वह कैसा दिखता है।



# बच्चों के पार्क में छठ पूजा के आयोजन पर स्थानीय लोगों में गुस्सा

- बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंताएँ
- डी ब्लॉक पार्क में तालाब खोदने की अनुमति पर कड़ा विरोध
- नोएडा अथॉरिटी यहीं बगल के पार्क में 22 सालों से करती है छठ घाट का निर्माण
- राजनैतिक कारणों से एक गुट बच्चों के पार्क में तालाब बनाने पर दिखा रहा है अड़ियल रवैया





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-71 में स्थानीय निवासियों में इस बार छठ पूजा के आयोजन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिवशक्ति अपार्टमेंट स्थित बच्चों के पार्क में तालाब बनाने और छठ पूजा की अनुमति दिए जाने के बाद स्थानीय लोग इस फ़ैसले पर कड़ी आपत्ति जता रहे हैं। यहाँ से महज़ 200 मीटर की दूरी पर नोएडा अथॉरिटी द्वारा पिछले 22 वर्षों से छठ घाट का निर्माण किया जा रहा है, और वहीं इस आयोजन को हर साल किया भी जाता है जहां श्री सहयोग छठ पूजा समिति (रजिस्टर्ड) हर साल छठ का आयोजन करती है इसके बावजूद कुछ लोगों ने गुट बनाकर अपनी राजनीति चमकाने के लिए शिवशक्ति छठ पूजा समिति के नाम एक समिति बनाई जो रजिस्टर्ड भी नहीं है एवं बच्चों के खेलने वाले पार्क में गड्ढा कर तालाब बनाने पर उतारू है। इन लोगों ने कथित तौर पर हार्टिकल्चर डिपार्टमेंट से बच्चों के पार्क में पूजा आयोजन के लिए अनुमति प्राप्त कर ली है। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये अनुमति विभाग को धोखे में रखकर प्राप्त की गई है। उक्त पार्क में बच्चों के लिए हट बने हैं एवं झूले-स्लाइड लगे हैं इसकी जानकारी बिना प्रस्तुत किये अनुमति प्राप्त की गई है। सबसे बड़ा प्रश्न ये है कि जब हर साल यहाँ नोएडा अथॉरिटी छठ व्रतियों के लिए छठ घाट का निर्माण करती ही है तो यहीं बग़ल में एक और पार्क में तालाब बनाने का क्या औचित्य है?

स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है और उनका कहना है कि यह पार्क बच्चों के खेलने, महिलाओं के घूमने, और बुज़ुर्गों के आराम के लिए बनाया गया है। तालाब बनाकर यहाँ छठ पूजा करने से बच्चों और बुज़ुर्गों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इस पार्क में बच्चों के झूले लगे हैं, और नियमित तौर पर महिला एवं बुज़ुर्ग लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। पार्क में खुदाई से झूले एवं अन्य संरचनाओं को नुकसान हो सकता है, साथ ही पानी का तालाब बन जाने से छोटे बच्चों की सुरक्षा चिंताएँ भी बढ़ जाती हैं।

## विवाद और स्थानीय लोगों का विरोध

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह निर्णय एक बड़े विवाद को जन्म दे सकता है। लोगों में इस बात को लेकर रोष है कि जब नोएडा अथॉरिटी पिछले 22 सालों से छठ पूजा के लिए घाट उपलब्ध करा रही है, तो फिर बच्चों के पार्क में पूजा की अनुमति क्यों दी जा रही है। निवासियों का कहना है कि बच्चों और बुज़ुर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इस विवाद को बढ़ने से रोकने के लिए अनुमति को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। स्थानीय निवासियों की यह अपील है कि पार्क में बच्चों और बुज़ुर्गों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए नोएडा अथॉरिटी तुरंत हस्तक्षेप करे और इस विवाद का तुरंत ही पटाक्षेप करे।

## स्थानीय निवासियों ने जताया रोष, प्राधिकरण से की अपील

स्थानीय निवासियों ने नोएडा अथॉरिटी और हार्टिकल्चर डिपार्टमेंट से इस अनुमति को रद्द करने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि 200 मीटर की दूरी पर पहले से ही एक छठ घाट उपलब्ध है, तो ऐसे में एक छोटे से बच्चों के पार्क में तालाब बनाने की कोई ज़रूरत नहीं है। सेक्टर-71 में स्थित इस छठ घाट पर हर साल समाज के सभी लोग मिल-जुल कर छठ पूजा का आयोजन करते आए हैं। ऐसे में एक नए बैनर के अंतर्गत बच्चों के पार्क में तालाब बना कर पूजा करना स्थानीय लोगों को अनुचित लग रहा है।

## राजनीति के चलते बच्चों की सुरक्षा पर संकट क्यों?

कुछ निवासियों ने इसे राजनीति का एक हिस्सा बताया और प्रश्न उठाया कि राजनीति के चलते बच्चों की सुरक्षा को क्यों खतरे में डाला जा रहा है? उनका कहना है कि अगर किसी गुट को छठ पूजा करनी है, तो वे पहले से बने छठ घाट पर आकर इसे मना सकते हैं, जहां समाज के सभी लोग वर्षों से एक साथ पूजा करते आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवशक्ति छठ पूजा समिति ने हार्टिकल्चर विभाग से गलत जानकारी देकर पार्क की बुकिंग करा ली है, बिना जांच किए ही ऐसी अनुमति दे कर हार्टिकल्चर विभाग ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है।

# ग्रेटर नोएडा के दो सोसायटियों में 77 फ्लैट बायर्स की हुई रजिस्ट्री, 2.5 करोड़ का मिला राजस्व



**नोएडा ( चेतना मंच )।** दो सोसायटियों में शनिवार को स्टांप एवं निबंधन विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी की मौजूदगी में 77 फ्लैट बायर्स के फ्लैटों की रजिस्ट्रियां हुई। रजिस्ट्री होते ही फ्लैट बायर्स के चेहरे चमक उठे। यह रजिस्ट्रियां मिगशन अल्टीमो ओमीक्रोन-3 और इरॉस सम्पूर्णम में कैंप लगाकर की गई। दो सोसायटियों में 77 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री होने से 2.5 करोड़ का राजस्व मिला है।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन शशि भानु मिश्र ने बताया कि फ्लैट बायर्स को आसानी से फ्लैटों की रजिस्ट्री की सुविधा प्राप्त हो सके इस उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में सब रजिस्टार सदर द्वारा मिगशन अल्टीमो ओमीक्रोन-3 ग्रेटर नोएडा एवं सब रजिस्टार दादरी द्वारा इरॉस संपूर्णम् नाम सोसायटी सेक्टर 2 ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कैंप लगाकर फ्लैट बायर्स के फ्लैटों की रजिस्ट्री की गई। उन्होंने बताया कि मिगशन अल्टीमो ओमिक्रोन-3 ग्रेटर नोएडा के कैंप में कुल 30 रजिस्ट्री हुई। जिनसे 81 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार इरॉस सम्पूर्णम सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 47 रजिस्ट्री हुई। जिसमें 1.24 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि जनपद में दो स्थानों पर लगाए गए रजिस्ट्री कैंप का स्टांप एवं निबंधन विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रमुख सचिव ने इस अवसर पर फ्लैट बायर्स को उनके फ्लैटों की रजिस्ट्रियां सौंपी।

फ्लैटों की रजिस्ट्री प्राप्त होते ही बायर्स के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक निबंधन गौतमबुद्धनगर अरुण कुमार मिश्र, सहायक महानिरीक्षक निबंधन ग्रेटर नोएडा शशि भानू मिश्र, सहायक महानिरीक्षक निबंधन बीएस वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नशे के कारोबारियों पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस का अभियान जारी, 37 गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने वाले लोगों के खिलाफ गौतम बुद्ध नगर का पुलिस का अभियान जारी है। इसके तहत पुलिस ने बीती रात को विभिन्न जगहों पर छापेमारी का 37 लोगों को गिरफ्तार किया है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 68 लोगों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना बादलपुर पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर महबूब पुत्र हक मीन को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर ध्यानचंद नाथ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके बाद से 500 ग्राम गांजा बरामद किया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना बिसरख पुलिस ने नजरुल शेख को गिरफ्तार कर उसके पास से 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक गौरव सिंह ने एक सूचना के आधार पर जय वीर पुत्र दुलीचंद को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 500 ग्राम अवैध गज बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक सुनील कुमार ने एक सूचना के आधार पर हेमंत पुत्र मुरलीधर को गिरफ्तार किया है इसके पास से पुलिस ने 500 ग्राम गांजा बरामद किया है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने अमनदीप पुत्र भूपेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर इसके पास से 690 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-दो में तैनात उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर राजेश कुमार उर्फ गोविंद को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस तीन पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस ने मुशीर फारूक हक को गिरफ्तार कर करीब डेढ़ किलो गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोप में सत्यम को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 48 पव्वा हुए अवैध शराब बरामद हुई है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 63 पुलिस ने मुकुल सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 175 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में थाना पुलिस ने बैजनाथ को गिरफ्तार कर उसके पास 101 पव्वा हरियाणा मार्का शराब बरामद किया है।




# किसान एकता संघ ने किया संगठन विस्तार, ओमेंद्र खारी बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**दनकौर ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन की पंचायत खेरली हाफिजपुर में मनोज भाटी की मार्किट पर सुन्दर मास्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता मनीष नागर ने किया ।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी निरंतर गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक कर समस्याओं को सुन रहे है। और समस्याओं के निराकरण के लिए रूपरेखा तैयार कर आंदोलन की तैयारी कर रहे है। जल्द ही आमजन की समस्याओं को एकत्रित कर जिले में एक विशाल आंदोलन किया जाएगा। खेरली हाफिजपुर स्थित ग्राम सभा/बचत की भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए संगठन का प्रतिनिधि मण्डल जल्द जिलाधिकारी महोदय से मिलेंगे। यदि भूमि को जल्द से जल्द अलग कर सरकारी अभिलेखों में दर्ज नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करेगा।

इस मौके पर वरिष्ठ प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि संगठन का विस्तार करते हुए ओमेंद्र खारी को प्रदेश उपाध्यक्ष,मनोज भाटी को जिला उपाध्यक्ष,सचिन भाटी को जिला सचिव, युजवेंद्र कुमार को तहसील सचिव, अनित भाटी तहसील सचिव,अमित तंवर को ग्राम अध्यक्ष जमालपुर नियुक्त किया गया।

नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष ओमेंद्र खारी ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है। उसे पूरी ईमानदारी और मेहनत से निर्वहन करूंगा निरंतर संगठन को मजबूत करने के लिए किसानों, युवाओं, मजदूरों की आवाज को बुलंद करता रहूंगा ।

इस मौके पर आजाद प्रधान,शौकत अली, कृष्ण बैसला, पप्पे नागर, उम्मेद एडवोकेट, अकरम खान, मेहरबान, जोरा भाटी, तेजपाल, वीरेन्द्र, रोहताश भाटी, सूबे भाटी, दुर्गेश शर्मा आदि सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।